

नवम दिन - सिद्धिदात्री: सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली देवी।

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

कदम बढ़ाएं, सच के साथ



वर्ष : 15 | अंक : 328 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर | बुधवार, 01 अक्टूबर 2025 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, नवमी संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


### चेन्नई में थर्मल प्लांट का 30 फीट ऊंचा स्लैब गिरा

## हादसे में 9 मजदूरों की मौत, 1 घायल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु के चेन्नई में मंगलवार शाम एननोर थर्मल पावर प्लांट की कंस्ट्रक्शन साइट में 30 फीट की ऊंचाई से लोहे के स्लैब का हिस्सा गिरा। इसके नीचे दबने से 9 मजदूरों की मौत हो गई। 1 घायल है। पुलिस के मुताबिक यहां लोहे का ऊंचा स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा था, जिसका कुछ हिस्सा नीचे खड़े मजदूरों पर गिर गया। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। स्लैब किस कारण ढहा, इसकी जांच की जा रही है। तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के सचिव और तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन (TANGEDCO) के चेयरमैन डॉ. जे. राधाकृष्णन ने अस्पताल पहुंचकर घायल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि एननोर थर्मल पावर निर्माण स्थल पर एक स्टील आर्क गिरा। मृतक असम और आसपास से थे। एक व्यक्ति घायल है। वहीं, पीएम मोदी ने प्लांट हादसे पर दुख जताया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (PMNRF) से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता दी जाएगी।



## पाकिस्तान के क्वेटा में बम ब्लास्ट 10 की मौत



### 32 घायल, राष्ट्रपति जरदारी बोले- इसके पीछे भारत समर्थित आतंकियों का हाथ

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार दोपहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डॉन के मुताबिक, इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हैं। मारे गए लोगों में 4 उग्रवादी भी हैं। क्वेटा के SSP मोहम्मद बलोच के मुताबिक, पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी में धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरार आ गई।

पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसके पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के आतंकियों का हाथ है। भारत ने अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। क्वेटा के सभी बड़े हॉस्पिटल में इमरजेंसी घोषित बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मोहम्मद काकर के मुताबिक घायलों को सिविल अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। इनमें क्वेटा सिविल अस्पताल, बलूचिस्तान मेडिकल कॉलेज (BMC) अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर शामिल हैं। सभी डॉक्टरों, फार्मासिस्ट, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पतालों में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री ने आतंकी घटना बताया बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना को आतंकी हमला बताया।

## इजराइल ने जताई युद्ध विराम की सहमति

### गाज़ा में बहाल होगी शांति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वे गाजा में युद्ध विराम करने की योजना पर सहमत हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने फिलिस्तीन क्षेत्र में युद्ध समाप्ति के बाद शासन स्थापित करने के लिए एक 20-सूत्रीय योजना पेश की। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि हमास को उनके गाजा शांति प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए करीब 3-4 दिनों का वक्त दिया गया है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि हमास इस प्रस्ताव को मानने से इनकार करता है, तो इसका बेहद दर्दनाक परिणाम निकलेगा। योजना के अनुसार यदि दोनों पक्ष इसे स्वीकार करते हैं तो युद्ध तुरंत समाप्त हो जाना चाहिए। इसमें यह भी कहा गया है कि इजराइल द्वारा योजना स्वीकार किए जाने के 72 घंटों के भीतर सभी शेष बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि यदि हमास प्रस्तावित शांति समझौते को स्वीकार नहीं करता है तो उसे (हमास) हराने के लिए इजराइल को अमेरिका का पूर्ण समर्थन प्राप्त होगा।



**हमास बोला- विचार करके जवाब देंगे**

इजराइल के विदेश मंत्री गिडियन सार ने कहा कि उनके देश ने ट्रंप की योजना को स्वीकार कर लिया है और अब हमास को अपना रुख बताना है। इस बीच, हमास ने मंगलवार को कहा कि वह राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना पर विचार करके प्रतिक्रिया देगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप की योजना का किया स्वागत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत रूस, चीन व अन्य कई देशों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा संघर्ष को समाप्त कराने संबंधी योजना का मंगलवार को स्वागत किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह योजना फिलिस्तीन और इजराइल के लोगों के साथ-साथ पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रंप की पहल के लिए एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने तथा शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे। इस बीच, चीन ने मंगलवार को गाजा में युद्ध समाप्त करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना का समर्थन किया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, चीन गाजा में तत्काल और व्यापक युद्धविराम लागू करने, सभी बंदियों को रिहा करने और स्थानीय मानवीय संकट को तत्काल कम करने का आह्वान करता है।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में उर्वशी रौतेला से पूछताछ



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेत्री और मॉडल उर्वशी रौतेला से मंगलवार को '1एक्स बीईटी' नामक एक ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ की। रौतेला (31) इस प्लेटफॉर्म की भारत में एंबेसडर है, जो कैरेबियाई द्वीप कुराकाओ में पंजीकृत है। सूत्रों ने बताया कि इस संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उसका बयान दर्ज किया है।

### कर्फ्यू में पूरे दिन की ढील, बाजारों में आए लोग

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह शहर में मंगलवार को लगभग पूरे दिन के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई, जिसके बाद बाजार धीरे-धीरे खुल गए और सप्ताह भर से लगे प्रतिबंधों से जूझ रहे लोगों को राहत मिली। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, संवेदनशील इलाकों में पुलिस और अर्द्धसैन्य बलों की बड़ी संख्या में तैनाती की गई है।

### रिलायंस इन्फ्रा के खिलाफ महाराष्ट्र, मप्र में तलाशी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने मंगलवार को अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ फेमा जांच के तहत महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुंबई और इंदौर के महू में छह परिसरों पर छापेमारी की गई। ये तलाशी विदेश में कुछ अवैध धन प्रेषण के आरोपों पर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ चल रही विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) जांच का हिस्सा है।

### वित्त मंत्रालय ने पीएफआरडीए को दी सूचना

## केंद्र ने UPS चुनने की समय सीमा 30 नवंबर तक बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** वित्त मंत्रालय ने केंद्रीय कर्मचारियों की हल्की प्रतिक्रिया को देखते हुए मंगलवार को 'एकीकृत पेंशन योजना' (यूपीएस) का विकल्प चुनने की समय सीमा को 30 नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने पेंशन कोष नियामक पीएफआरडीए के चेयरमैन को भेजी सूचना में कहा कि कर्मचारियों के लिए यूपीएस का विकल्प चुनने की समयसीमा को दो महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। विभाग ने कहा कि यूपीएस में हाल ही में कई सकारात्मक बदलाव किए गए हैं जिनमें स्विच विकल्प, इस्तीफा या अनिवार्य सेवा निवृत्ति पर लाभ एवं कर छूट शामिल हैं। इसे देखते हुए संबंधित पक्षों ने कर्मचारियों को निर्णय लेने के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग की थी।

## पीएम नरेंद्र मोदी आज जारी करेंगे डाक टिकट व सिक्का

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इस मौके पर विशेष रूप से डिजाइन किया गया एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे, जिसमें राष्ट्र के प्रति संगठन के योगदान को दर्शाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और वहां मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे।




बयान के अनुसा वर्ष 1925 में नागपुर में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना एक स्वयंसेवक-आधारित संगठन के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था।

बयान में कहा गया है कि आरएसएस राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए एक अद्वितीय जन-पोषित आंदोलन है। इसके उदय को सदियों के विदेशी शासन की प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया है, और इसके निरंतर विकास का श्रेय धर्म में निहित भारत के राष्ट्रीय गौरव से जुड़े इसके दृष्टिकोण की भावनात्मक प्रतिध्वनि को दिया जाता है। मोदी स्वयं एक आरएसएस प्रचारक थे और भाजपा में शामिल होने से पहले उन्होंने एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी।




## कोतवाल बालकृष्ण पालीवाल 'समाज सेवा रत्न' से सम्मानित, 24 श्रेणी पालीवाल युवा मंडल ने किया भव्य समारोह



**बढ़ता राजस्थान, राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** उपनगर धोईंदा में 24 श्रेणी पालीवाल युवा मंडल की ओर से वरिष्ठ समाजजन श्री बालकृष्ण पालीवाल का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद भी बालकृष्ण पालीवाल ने लगातार 25 वर्षों तक 24 श्रेणी पालीवाल सेवा समिति खमनोर (मेवाड़) में कोतवाल पद पर रहते हुए समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया। अपने कार्यकाल में उन्होंने कई नवाचार कर समाज में सकारात्मक पहल की और पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस विशेष उपलब्धि के लिए युवा मंडल ने उन्हें समाज सेवा रत्न से अलंकृत किया। साथ ही वरिष्ठजनों ने उन्हें मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर और अभिनंदन पत्र भेंट कर धोईंदा समाज रत्न की उपाधि से सम्मानित किया। समारोह में वरिष्ठ राधाकृष्ण पालीवाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें भी कोतवाल साहब की तरह समाज सेवा में अग्रणी होकर तन-मन-धन से योगदान देना चाहिए। वरिष्ठ हरिशंकर पालीवाल ने कहा कि बालकृष्ण पालीवाल की 25 वर्षों की गौरवमयी सेवा पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। मीडिया प्रभारी निर्मल पालीवाल ने बताया कि इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा मंडल और महिला मंडल सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश पालीवाल 'अंश' ने किया, जबकि युवा अध्यक्ष हितेश पालीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## विराट इनोवेशन स्कूल में धूमधाम से मनाया नवरात्रि और दशहरा

**बढ़ता राजस्थान, पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के एमडीआर रोड मंगल्याली प्याऊ स्थित विराट इनोवेशन स्कूल प्रागपुरा



में नवरात्रि और दशहरा का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक महेश चंद यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रस्तुतियों का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों का व्याख्यान प्रस्तुत किया और रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा, रामायण पर आधारित प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। एडवाइजर दिनेश यादव ने नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माँ दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा-अर्चना करना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलवंत सिंह ने दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा डांडिया और गरबा जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में शामिल हुए और पूरे वातावरण को भक्तिमय व आनंदमय बना दिया।

## इस प्रकार विराट इनोवेशन स्कूल ने नवरात्रि और दशहरा पर्व को परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम बनाकर मनाया



**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** हिरणमगरी स्थित बंगाली काली बारी सोसायटी में छह दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत आज महाअष्टमी पर भव्य पूजा और अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर समाज की ओर से मां दुर्गा को 108 कमल के फूल अर्पित किए गए। सोसायटी अध्यक्ष डा. दीपंकर चक्रवर्ती ने बताया कि प्रात: 9 बजे बड़ी संख्या में समाजजन मां दुर्गा को पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए उपस्थित हुए। इसके बाद दोपहर 1 बजकर 21 मिनट पर संधि पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा में समाज के कलाकारों ने धनुची नृत्य किया और ढाक बजाया। साथ ही कैले और कद् का बलिदान किया गया। संधि पूजा के संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। डा. चक्रवर्ती ने बताया कि संध्या आरती के दौरान भी कलाकारों ने धनुची नृत्य और ढाक की प्रस्तुति दी। इसके बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बांग्ला और हिन्दी गीतों के साथ बांग्ला नाटक का मंचन किया गया। इस प्रकार महाअष्टमी के अवसर पर सोसायटी में भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समागम देखने को मिला, जिसमें समाजजन और कलाकारों ने मिलकर माता दुर्गा की महिमा का गुणगान किया।

## रेरा का पोर्टल वर्जन 2.0 में अपग्रेड, अब सेवाएं होंगी अधिक तेज और पारदर्शी

**बढ़ता राजस्थान, जयपुर, (का.स.)।** रेरा राजस्थान ने हितधारकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेरा पोर्टल का नया वर्जन-2.0 शुरू किया है। यह वर्जन वर्ष 2018 से संचालित वर्जन-1.0 के स्थान पर लागू किया गया है।

राजस्थान रेरा के रजिस्ट्रार ने बताया कि रेरा राजस्थान के नए पोर्टल वर्जन 2.0 से प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन और कम्पलेन्ट प्रक्रिया और सरल बन गई है। इस अपग्रेड से रेरा कि सेवाएं अधिक तेज और पारदर्शी बनेगी। उन्होंने बताया कि नए पोर्टल को और अधिक सुदृढ़ और उपयोगी बनाने के लिए आईटी टीम निरंतर कार्यरत है। रेरा रजिस्ट्रार ने बताया कि सितम्बर माह में वर्जन 2.0 पर 41 नए प्रोजेक्ट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसी अवधि में 30 नई कम्पलेन्ट्स दर्ज की गईं तथा लगभग 250 कम्पलेन्ट पत्रावलियों में ऑनलाइन शो-कॉज नोटिस, हियरिंग नोटिस एवं लिस्टिंग नोटिस जारी किये गये हैं। वर्जन 2.0 के माध्यम से रेरा कोर्ट की कार्यवाही भी अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

# इस अस्पताल में जहां हाथ रखो वहीं दर्द नजर आता है

## जांच के लिए आए सांसद को एक नहीं कई कमियां दिखी





गंभीर मरीजों को वार्ड तक ले जाने के कोई प्रबंध नहीं

तो क्या कागजों में चल रहे व्हील चेयर, स्ट्रेचर व कार्मिक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल में पसरी अव्यवस्थाओं की जांच के लिए मंगलवार को सांसद लुम्बाराम चौधरी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दौरा किया। इस दौरान उन्हें एक-दो नहीं बल्कि कई कमियां नजर आई। सफाई के माकूल प्रबंध तो दूर अधिकतर शौचालय गंदगी से भरे नजर आए। बदहाली ऐसी कि वहां खड़े रहना भी दूभर हो गया। वार्डों के बाहर बिखरा बॉयोवेस्ट, कचरा और बदबू के मारे हालात खराब नजर आए। जायजा लेते हुए सांसद व प्रशासनिक अधिकारी इन कमियों को देखकर दंग रह गए। मरीजों को लाने-ले जाने के लिए स्ट्रेचर, व्हील चेयर की सुविधा आज भी नहीं दिखी। यहां तक कि अधिकारियों के सामने ही परिजन स्ट्रेचर लेकर मरीज को ले जाते दिखे। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश गोयल, जिला परिषद सीईओ प्रकाशचंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### बार-बार पूछने पर भी नहीं दिखाया तो क्यों

प्रशासनिक अधिकारियों ने पूछा भी कि स्ट्रेचर व कार्मिक कितने हैं दिखाइए, तब भी कोई दिखाने को तैयार नहीं हुआ। एडीएम की ओर से बार-बार कहने के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने न स्ट्रेचर व व्हील चेयर दिखाई और न इनको ढोने के लिए कार्यरत कार्मिक दिखाए। बार-बार कहे जाने के बावजूद भौतिक रूप से नहीं दिखाया जाना तो यही साबित करता है कि यह सब कागजों में ही चल रहा है और ठेकेदार को हर माह मोटा पैसा दिया जा रहा है।

### गंदे हालात देख कर दंग रह गए

सांसद ने जिला अस्पताल में जायजा लेते हुए वार्डों में शौचालय देखे। ये वे वार्ड हैं, जहां ऑपरेशन के बाद मरीजों को भर्ती रहना पड़ता है, लेकिन गंदगी के कारण शौचालयों का उपयोग करना तो दूर इनके पास खड़े रहना तक मुश्किल था। ऐसे में सांसद ने एडीएम व सीईओ को पास बुलाकर हालात दिखाए। अधिकारी इसे देखकर दंग रह गए कि जिला अस्पताल की इतनी बुरी स्थिति कैसे है।

### दो टूक कहना पड़ा इससे बढ़िया तो सीएचसी

एडीएम राजेश गोयल ने यहां पीएमओ कक्ष में सांसद की मौजूदगी में ही जानकारी ली। इन स्थितियों को देखकर वे बिगड़े तथा दो टूक शब्दों में कहा कि इससे बढ़िया व्यवस्था तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर होते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमने अन्य अस्पताल भी देखे हैं, लेकिन यहां के हालात बदतर नजर आते हैं।

### कमियों को छिपाने का प्रयास करते दिखे पीएमओ

उधर, इतनी बदतर हालत के बावजूद प्रमुख चिकित्सा अधिकारी अस्पताल की कमियों को छिपाने का प्रयास करते नजर आए। वे सांसद और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने ही नर्सिंग अधीक्षक को कहते दिखे कि ये आज आए और इनको यह सब गंदगी व कमियां दिख गई, हमें क्यों नहीं दिखा। व्हील चेयर, स्ट्रेचर आदि के बारे में पूछे जाने पर वे जवाब के लिए नर्सिंग अधीक्षक का मुंह ताकते दिखे पर नर्सिंग अधीक्षक चुप बैठे रहे।

### सफाई ठेकेदार का भुगतान रोकने के निर्देश

सांसद ने इस सम्बंध में पीएमओ को निर्देशित किया। साथ ही सफाई ठेकेदार का भुगतान रोकने के निर्देश दिए। पीएमओ से कहा कि दो दिन में सारी व्यवस्था हो जानी चाहिए। कहा कि सफाई ठेकेदार से यह सारी व्यवस्था करवाएं। उन्होंने सफाई सम्बंधी रजिस्टर भी अपने कब्जे में लिया। वहीं, एडीएम ने भी सफाई के माकूल प्रबंध करने को लेकर निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 30 सितम्बर को बढ़ता राजस्थान ने 'तो क्या कागजों में चल रहे व्हील चेयर, स्ट्रेचर व कार्मिक' शीर्षक से समाचार प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था।

## प्रकृति और जल संरक्षण का संदेश लेकर निकली 16वीं पदयात्रा



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** ग्राम बडऩगर के चौबुर्ज्या स्थित श्री बिरजू सिंहजी जुझार महाराज से सोमवार को जमवारामगढ़ स्थित कच्छावा वंश की कुलदेवी मां जमुबाय माताजी के मंदिर के लिए 16वीं पदयात्रा उत्साहपूर्वक रवाना हुई। इस पदयात्रा का नेतृत्व पानी पेड़, प्रकृति बचाओ अभियान के संयोजक, पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत कर रहे हैं। दीप सिंह शेखावत ने बताया कि यह पदयात्रा हर साल युवाओं की बड़ी टीम के साथ बडऩगर से शुरू होती है और जमुवाय माताजी के मंदिर जाकर आशीर्वाद प्राप्त करती है। इसका उद्देश्य क्षेत्र की सुख-शांति और खुशहाली की कामना करना तथा प्रकृति, जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलाना है। युवा पदयात्री रास्ते में माता जी के गीत गाकर और नारे लगाकर योगमाया की उपासना करते हुए आगे बढ़ते हैं। पदयात्रा रात को रायसर स्थित बांकी माताजी मंदिर में विश्राम करेगी और अष्टमी के दिन जमुवाय माताजी के चरणों में पहुंचकर शीश नवाकर हाजिरी लगाएगी। आज की टीम में जल प्रहरी दीप सिंह शेखावत के साथ अध्यापक गजेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, गौरव सिंह, युवा नेता सत्यवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, और अन्य युवा जैसे अनिल सिंह, नागेश सिंह, जितेंद्र सिंह, शुभम सिंह, सतीश सिंह, नागेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, मोहित सिंह, बादल सिंह, ईश्वर सिंह, आनंद सिंह, नितिन सिंह, गोविंद सिंह, अभिषेक सिंह, विशाल सिंह, सुनील सिंह, राहुल राठौर, जुगनू सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह सहित सैकड़ों युवा शामिल रहे। इस प्रकार यह पदयात्रा न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन का संदेश भी समाज तक पहुंचाती है।

## सात चोरी के दुपहिया वाहन सहित एक वाहन चोर गिरफ्तार

**बढ़ता राजस्थान, जयपुर, (का.स.)।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया हैं। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के सात दुपहिया वाहन बरामद किये हैं। आरोपित ने यह सभी चोरी की वारदात विद्याधर नगर,संजय सर्किल,शास्त्री नगर, मुरलीपुरा थाना इलाके में करना कबूल किया हैं।

## वानेरश्वर गरबा मंडल द्वारा आयोजित भारत जानो प्रतियोगिता और शस्त्र पूजन कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** वानेरश्वर गरबा मंडल द्वारा बच्चों के लिए अनोखी भारत जानो प्रतियोगिता और शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल के महासचिव अरविंद जारोली ने बताया कि पिछले चार वर्षों से गरबा आयोजन के साथ यह प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग (कक्षा 5 से 8) और वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 9 से 11) के बच्चे भाग लेते हैं। समिति अध्यक्ष देवकिशन मेनारिया ने बताया कि इस बार आयोजित प्रतियोगिता में 204 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्राचीन भारत, रामायण, महाभारत और सनातन संस्कृति से परिचित कराना था। परीक्षा में डॉ. सुरेश जोशी, वी.एस. कौशिक, ललित सेन, विरेन्द्र शर्मा, उर्मिला शर्मा, चन्द्रकलां और अनिल जयसवाल ने परीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। अष्टमी के दिन रात में शस्त्र पूजन का आयोजन भी किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. भारत भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि समाज को शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान देना सनातन परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि अहिंसा परमोधर्म है और यह संदेश नवदुर्गा के दिनों में शक्ति आराधना का मूल मंत्र है।

## कोप्पल में दमदार प्रदर्शन: उदयपुर के खिलाड़ियों ने राजस्थान के लिए जीते 1 रजत और 5 कांस्य पदक

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** कर्नाटक के कोप्पल जिला स्टेडियम में आयोजित 13वीं नेशनल पेनकेक सिलाट चैम्पियनशिप 2025 में उदयपुर के खिलाडिय़ों ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में उदयपुर के खिलाडिय़ों ने एक रजत और पांच कांस्य पदक अपने नाम किए। उदयपुर डिस्ट्रिक्ट पेनकेक सिलाट एसोसिएशन के सचिव हरीश कुमार सांवरिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और खेलो इंडिया से मान्यता प्राप्त इंडोनेशियन मार्शल आर्ट खेल पेनकेक सिलाट की राष्ट्रीय प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता में उदयपुर से 15 खिलाडिय़ों ने राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें से 6 खिलाडिय़ों ने अपने-अपने वर्ग में पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। विजेता खिलाडिय़ों में लेखाश कावडिय़ा, दिव्यांश शर्मा, प्रांशी प्रजापत, कुवीरा व्यास, भव्या हंडेरिया और सनाया जैन शामिल रहे, जिन्होंने अपने-अपने वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीतकर उदयपुर और राजस्थान का नाम रोशन किया। हरीश कुमार सांवरिया ने यह भी बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे भारतवर्ष से लगभग 1500 बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इन विजेताओं की उपलब्धि ने न केवल उदयपुर बल्कि पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ाया। पदक जीतने पर सभी खेल अधिकारी, माता-पिता और खिलाडिय़ों ने विजेताओं को बधाई दी।

शीतलेश्वर हनुमान पर नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सवः

# कालरात्रि माता का दरबार, उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** शीतलेश्वर हनुमान मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया गया। महोत्सव में डांडिया के साथ-साथ भक्तों ने नृत्य और आराधना के माध्यम से माता के प्रति अपनी भक्ति का इजहार किया।

कालरात्रि स्वरूप के महत्व पर आचार्य वैभव जी ने बताया कि माता पार्वती एक बार कैलाश पर्वत पर उपासना में लीन थीं। उसी समय ब्रह्मा, विष्णु और महेश दैत्य चंड-मुंड को नष्ट करने के लिए आराधना कर रहे थे। इन दोनों दैत्यों ने माता पार्वती पर हमला किया। क्रोध से काली रूप धारण करने के बाद माता ने दैत्यों का वध किया और तभी से उनका नाम कालरात्रि पड़ा।



महोत्सव समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा और संयोजक एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि शाम 7.30 बजे आरती संपन्न हुई, जिसमें मातृशक्ति और भक्तों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। आरती के बाद डांडिया और नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुष और महिला भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

माता का विसर्जन 1 अक्टूबर को किया जाएगा, जबकि 30 सितंबर को रात्रि में हवन का कार्यक्रम आयोजित होगा।

इस अवसर पर महोत्सव के प्रमुख पदाधिकारी - अध्यक्ष कल्ला चोट मुरादा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रभान चोट मुरादा, कोषाध्यक्ष थारी लाल अरोड़ा, संयोजक एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका, पंडित वैभव आचार्य, उप आचार्य उमाकांत चतुर्वेदी और अन्य कई समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। महोत्सव के अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी भक्तों से अपील की कि शाम की आरती में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## सर्व देव महर्षि वाल्मिकी मंदिर दांता में कलश यात्रा के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**दांतारामगढ़ (नि.स.)।** दांता के वार्ड नं 08 में धार्मिक कार्यक्रम के तहत सर्व देव महर्षि वाल्मिकी मंदिर दांता में कलश यात्रा के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का हुआ आयोजन। जानकारी के अनुसार वाल्मिकी समाज की ओर मंगलवार को सर्व देव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कलश यात्रा निकाली एवं मूर्तियों को नगर भ्रमण करवाकर सर्व देव मंदिर में बाबा रामदेव जी, हनुमान जी,श्री नवल साहेब ,महर्षि वाल्मीकि, श्री छोटेलाल महाराज एवं शिव परिवार की मूर्तियों की विधी विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा की गई। सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाली गई, जो बाग वाली बगीची से शुरू होकर दांता के वार्ड नं 08 में स्थित महर्षि वाल्मिकी मंदिर तक निकाली गई, कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रसादी वितरण की गई। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सीमा सैनी बनीं भाजपा जिला मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के विराटनगर की निवासी सीमा सैनी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जयपुर जिला उत्तर कार्यकारिणी में जिला मंत्री पद पर मनोनीत किया गया है।यह मनोनयन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, और विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ की अनुशंसा पर, भाजपा जयपुर जिला उत्तर अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल द्वारा किया गया है।सीमा सैनी की इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## जन्मदिवस पर किया भंडारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्वयंसेवी संस्था आओ साथ चलें द्वारा कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में आयोजित किये जा रहे प्रसाद्म अभियान मे आयुषी पांडे मोहित पांडेय ने अपनी पुत्री रिधिमा के जन्मदिवस पर भण्डारे का आयोजन किया। उल्लेखनीय है कि संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विष्णु मित्तल की पहल पर विगत 5 जुलाई 2019 से उक्त अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय संयोजक आनंद मित्तल ने बताया कि अभियान में लोग जन्मदिवस, पुण्यतिथि, वर्षगांठ सहित अन्य उल्लेखनीय दिवसों पर स्वयं की ओर से भण्डारे का आयोजन कर रहे हैं। उक्त अभियान को क्षेत्रवासियों की काफी सराहना मिल रही है।

## सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** निकटवर्ती ग्राम भालोजी स्थित शिवकरण यादव कृषि फार्म हाउस पर जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव के जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक कोटपूतली - बहरोड़ से अपनी राजकीय सेवा पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व संस्थाओं द्वारा यादव का अभिनंदन किया गया। वहीं कोटपूतली निजी शिक्षण संस्था संघ की ओर से अध्यक्ष रतनलाल सैनी के नेतृत्व में साफा पहनाकर व श्रीरामचरित मानस भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान सचिव दुर्गा प्रसाद मिश्रा, अमरसिंह सिंह चौधरी, मुरलीराम गुर्जर, धर्मवीर कुमावत सहित सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी उमराव लाल वर्मा, प्रधानाचार्य रजकेश खारडिया प्रधानाचार्य मुकेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य नरेश कुमार बंसल, प्रधानाचार्य सुनीता सिंह, एलबीएस महाविद्यालय प्राचार्य आर. के. सिंह, अभयसिंह यादव, नरेन यादव, सवि यादव, विद्या देवी, सीमा, सत्यपाल, जीतेन्द्र यादव, प्रवीण यादव, गजेन्द्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## नवरास गरबा 4.0 में झूमे कदम: गूँजा नारी सशक्तिकरण का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भक्ति—उल्लास और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला नवरास गरबा 4.0 में। इस कार्यक्रम का आयोजन द संगीतमेकर,रायन एजुकेशन स्कूल के सहयोग से और क्रिएटिव खिडक़ी द्वारा पावर्ड श्रीकृष्णा बाग पत्रकार रोड मानसरोवर में किया गया।

इस गरबा महोत्सव को सफल बनाने में जयपुर पुलिस का सहयोग रहा। वहीं सिटीवाइब्स, मोनाक़्श फाइनेंस और रूप लक्ष्मी ज्वेलर्स ए क्रिएशन स्पॉन्सरशिप में सम्पन्न हुआ। यह नवरास गरबा का चौथा सफल सीजन रहा, जिसने यह साबित किया कि यह केवल गरबा महोत्सव ही नहीं बल्कि मातृशक्ति और महिला सशक्तिकरण का सांस्कृतिक मंच है।

रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे प्रतिभागियों ने गरबा की ताल पर नृत्य करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिससे वातावरण समर्पण और उल्लास से सराबोर हो उठा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नारी सशक्तिकरण पर आधारित संदेशों ने नवरास गरबा 4.0 को परंपरा और उद्देश्य का अद्भुत संगम बना दिया।

### राम कुटिया आशियाना में करंट से युवक की मौत, परिजनों के साथ ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन समाप्त

# ग्रामीण की मांग पर कालवाड़ तहसीलदार और जयपुर प्रथम उपखंड अधिकारी मौके पर पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**कालवाड़ (नि.स.)।** कालवाड़ थाना क्षेत्र के राम कुटिया स्थित आशियाना में सोमवार को काम करते समय पैनल में करंट दौडऩे से कालवाड़ के सारंगाकाबास गांव निवासी युवक की मौत हो गई थी। युवक की मौत की के मामले में ठेकेदार और आशियाना प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन मौके पर एकत्र होकर आशियाना में जाने वाले मेन रोड पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और कालवाड़ रोड को रोककर कर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए।

सूचना पर आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

कालवाड़ थाना अधिकारी नवरत्न ने बताया राम कुटिया



आशियाना मे विजेन्द्र पूनिया (23) पुत्र कजोड़ मल निवासी पूनियो की ढाणी सारंगकाबास आशियाना में ठेकेदार के तहत बिजली का काम करता था सोमवार सुबह करीब 11 बजे वह विद्युत संबंधी काम कर रहा था कि पैनल में करंट आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको हाथोज स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशियाना में युवक की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीण एवं रिश्तेदार घटना स्थल पर पहुंच गए और ठेकेदार व आशियाना प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 50 लाख के मुआवजे की मांग को लेकर आशियाना की रोड पर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। धरने के दूसरे दिन मंगलवार को परिजनों एवं ग्रामीणों की मांग के बावजूद ठेकेदार के धरना स्थल पर नहीं आने से लोग आक्रोशित हो गए। सूचना पर कालवाड़ पुलिस मौके पर पहुंची। झोटवाड़ा सर्कल एसीपी सुरेन्द्र सिंह राणावत, थानाधिकारी नवरत्न धोलिया करधनी थाना अधिकारी सवाई सिंह , खोरा बिसल थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह चौधरी ,कालवाड़ तहसीलदार जयपाल सिंह व जयपुर प्रथम उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ ग्रामीण की मांग पर मौके पर पहुंचे । उनकी मांग को पूरा करवाने के लिए सरकार के पास प्रसव भेजा जाएगा मांग के दौरान उपखंड अधिकारी ने 10 लख रुपए ठेकेदारों से 500000 सरकार के खाते से और 500000 आशियाना में समिति की ओर से पूर्व कालवाड़ रोड पर सरस पार्लर बूथ देने की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की।

इस अवसर पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अनिल चोपड़ा झोटवाड़ा विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक चौधरी, पूर्व पार्षद हरीश यादव, आवाज सरपंच नारायण , समाजसेवी सुरेश पूनिया, एडवोकेट तेजपाल कोलरिया समाजसेवी नरेंद्र मीणा कालवाड़, समाजसेवी भागीरथ चौधरी शहीद कई लोग उपस्थित थे ।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ हुआ लघु अनुष्ठान का समापन

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत) ।** शहर के राधाबाग में स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ संस्थान पर नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान साधकों द्वारा 24 हजार गायत्री मंत्रो का लघु अनुष्ठान किया गया था जिसका आज गायत्री महायज्ञ में दशांश आहुतियों के साथ पूर्णाहुति सम्पन्न की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रज्ञा गीत के माध्यम से की गई। सभी ने परम पूज्य गुरुदेव के विचारों को जन -जन तक पहुंचाने एवं समयदान तथा अंशदान करने का संकल्प लिया। गायत्री परिवार ट्रस्ट सचिव राजकुमार सचिव ने बताया कि इस बार 20 से भी अधिक साधकों ने जप अनुष्ठान किया।



शक्ति संवर्धन हेतु शक्ति की उपासना की जाती है और यज्ञ किए जाते है। आज मानव को व्यक्तित्व विकास के लिए गायत्री मंत्र की उपासना करने की बहुत आवश्यकता है। गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ के साथ लोक शिक्षण का कार्य किया जाता है।

वहीं ट्रस्ट उपाध्यक्ष एड. जितेंद्र सिंह बीजावत ने बताया कि इस बार भी लगभग 108 से अधिक कन्याओं का कन्या भोज करवाया गया है। यज्ञ मंच संचालन जगदीश प्रसाद शर्मा, नरेश जिंदल रमेश राजपाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान गजेंद्र सिंह बीजावत, विनेश अग्रवाल,सांवरमल अग्रवाल,रामधन टाक,दिनेश खेमावाला, मुकेश हाठवाल , रामबाबू सैन,मदनलाल विजय, भवानी सिंह,पवन कुमार माहेश्वरी, रमाकांत मोदी, बाबूलाल जांगिड़,मालचंद बुनकर, दीनदयाल पारीक,अमित अग्रवाल,नितेश कानूनगो, जितेंद्र शर्मा, मनोहर गुप्ता, बंशीधर शर्मा,कजोड़मल कुमावत, मदनमोहन शर्मा, मुरारीलाल अग्रवाल,सालिगराम अग्रवाल, धर्मेंद्र शर्मा, हरीश कुमावत, सविता गुप्ता, अनिता अग्रवाल एवं परिव्राजक दयाराम राजपाल आदि परिजन उपस्थित रहे।

## रामलीला में लक्ष्मण के लगी शक्ति बाण



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** ग्राम पंचायत आभावास बुंगलेवाले बालाजी मंदिर परिसर में चल रही रामलीला रात्रि मंगलवार को जय मां जीण भवानी कला मंडल,सिलनवाद नागौर के द्वारा लक्ष्मण के शक्ति बाण, कुंभकरण वध का मंचन किया गया। मेघनाथके द्वारा लक्ष्मण शक्ति बाण लगने के बाद हनुमान जी के द्वारा संजीवन बूटी के पर्वत को उठाकर लाना लक्ष्मण के प्राण बचाए। रामलीला देखने वालेलक्ष्मण शक्ति बाण लगने पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। बनवारी पटवारी में शंकरलाल महर्षि ने बताया कि रामलीला मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे रामलीला में बाहर के कलाकारों द्वारा रोचक प्रस्तुतियां दी जा रही है।

## बीस किलो चांदी लूटने की कोशिश करने वाले तीन बदमाशों को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** माणक चौक थाना पुलिस ने बीस किलो चांदी लूटने की कोशिश करने वाले तीन बदमाशों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार दबिश के दौरान लुटेरे वहां से भागने के लिए छत से कूद गए। इस दौरान तीन बदमाश घायल हो गए। इन तीनों घायल बदमाशों का एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक बदमाश अभी फरार है, जिसे पकडऩे के लिए पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि दो बदमाश ज्वैलरी शॉप में घुसे और ज्वेलर ओम प्रकाश से चांदी के दाम पूछे और चांदी मंगवाई। फिर बदमाश ने अपने दो अन्य साथियों को बुलाया। दो बदमाशों ने चाकू निकालकर ओम प्रकाश को धमकाया और चांदी इक_ा करने को कहा। ओम प्रकाश ने हिम्मत दिखाई और शोर मचाया। आवाज सुनकर पड़ोसी व्यापारी अनुज मदद के लिए आया। अनुज ने बदमाशों को पकडऩे की कोशिश की। इस दौरान ओम प्रकाश के कंधे और अनुज के हाथ में चाकू लग गया। शोर सुनकर अन्य व्यापारी भी दुकानों से बाहर आए। जिसके बाद बदमाश 20 किलो चांदी छोडक़र भाग गए। व्यापारियों की ओर से दी गई शिकायत पर माणक चौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशों की पहचान की और चार टीमें बनाकर बदमाशों के सम्भावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू किया।

## विवेक पी.जी. कॉलेज, कालावड़ में डांडिया रास का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कालावड़ (नि.स.)।** दिनांक 29 सितम्बर 2025 को विवेक पी.जी. कॉलेज, कालावड़ में सोमवार को नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में रंगारंग डांडिया रास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। पूरे परिसर में पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों की थाप और विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के निदेषक श्री विशाल ढ़ाका एवं सह निदेषिका श्रीमती ज्योति चैधरी, विवेक षिक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती इंदुबाला चैधरी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निम्बाराम भाकर एवं बी.एड़ प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिहं ने माँ दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा




रंग-बिरंगे डांडिया नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय के निदेषक महोदय, ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान जागृत करते हैं तथा उनमें एकता और आपसी सौहार्द की भावना को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में मिस डांडिया और मिस्टर डांडिया प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया जिसमें बी.कॉम. तृतीय वर्श की छात्रा सुनिता कुमावत मिस डांडिया तथा बी.एड़ के छात्र पवन अटल मिस्टर डांडिया बने तथ विजेताओं को स्मृति-चिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर कॉलेज परिवार सहित अनेक अतिथिगण, व्याख्यातागण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अनिल कुमार शर्मा बस्सी जयपुर ने राजस्थान निदेशालय एन सी सी की ओर से कामठी, नागपुर में आयोजित प्री कमीशन कोर्स किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एन सी सी महानिदेशक भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वाधान में नागपुर से 16 किलोमीटर दूर कामठी में राष्ट्रीय केडेट कोर प्रशिक्षण अकादमी द्वारा आयोजित प्रीआर सी एन / जेडी-183,डी सी-51और नेवी-14 कोर्स 30 जुलाई 2025 से 27 सितंबर 2025हुआ जिसमें जयपुर बस्सी केअनिल कुमार शर्माने राजस्थान निदेशालय एनसीसी की ओर से भाग लिया जिसमें पूरे ऑल इंडिया से केडेट ऑफीसर आए थे ।

इससे पूर्व जयपुर बस्सी केअनिल कुमार शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी ,का प्रथम राजस्थान बटालियन एन सी सी और जयपुर ग्रुप मुख्यालय और राजस्थान निदेशालय एन सी सी की ओर चयन हुआ।

अनिल कुमार शर्मा इस शिविर



में 2 महीने से लगातार कठिन परिश्रम और पूरे समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

कल्याण पुरा के साधारण परिवार में जन्मे अनिल कुमार शर्मा के बस्सी तहसील , के साथ साथ विद्यालय और गांव का किया नाम रोशन। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी जो कि तहसील का एकमात्र विद्यालय है जहां पर एन सी सी संचालित है जिसमें पूर्व चीफ ऑफिसर नंदकिशोर शर्मा के रिटायरमेंट के बाद यहा पोस्ट रिक्त होने के बाद केयर टेकर के रूप में अनिल कुमार शर्मा काम कर रहे थे। अनिल कुमार शर्मा कामठी नागपुर में 2 महीने के प्रशिक्षण के दौरान फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग , बास्केटबॉल आदि कंपटीशन में भाग लेकर गोल्ड मेडल हासिल किया। अर्जुन कंपनी के कंपनी कमांडर के द्वारा अनिल कुमार शर्मा को प्रशंसा पत्र दिया गया।बस्सी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवी शंकर शर्मा, स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य सुशीला मीणा,समस्त स्टाफ, अधिकारियों, गांव के आम लोगों ने ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए बधाई दी और उज्जवल भविष्य के कामना की ।

## डॉ. हनुमान प्रसाद बने यूनानी चिकित्सा विभाग के निदेशक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आयुष विभाग, राजस्थान सरकार ने सोमवार को आदेश जारी कर यूनानी चिकित्सा विभाग के उपनिदेशक डॉ. हनुमान प्रसाद को निदेशक यूनानी चिकित्सा विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा। आदेश जारी होने के बाद विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का आभार जताया। डॉ. हनुमान प्रसाद को निदेशक बनाए जाने पर वरिष्ठ यूनानी चिकित्सक डॉ. मोहम्मद रोशन, डॉ. अमजद अली, डॉ. सुनीता चौधरी, डॉ. साबिर खान, डॉ. ताराचंद वर्मा, डॉ. अबरार अहमद, डॉ. सादिक खान, प्रो. मलिक फयाज़ अहमद, प्रो. मोहम्मद जावेद सहित अन्य चिकित्सकों ने माल्यार्पण और



साफा पहनाकर बधाई दी। सभी ने इसे न सिर्फ डॉ. हनुमान प्रसाद की उपलब्धि बल्कि पूरे यूनानी विभाग के लिए गर्व का क्षण बताया।

## सम्पादकीय

# एशिया कप की ट्राफी भारत का राज तिलक

मोहसिन नकवी ने जैसी हरकत की उसके खिलाफ बीसीसीआइ ने आइसीसी में शिकायत दर्ज कराने का जो फैसला किया है उसका नतीजा जो भी हो भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट खेलने के मामले में अपनी लक्ष्मण रेखा नए सिरे से खींचने के साथ ही उसे स्पष्ट भी करने की जरूरत है ताकि वैसे विवाद सामने न आएं जैसे एशिया कप में देखने को मिले।

एशिया कप में विजेता बनी भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और साथ ही एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख मोहसिन नकवी के हाथों ट्राफी लेने से इन्कार करने पर वे जिस तरह उसे लेकर चलते बने, वह क्षुद्रता की पराकाष्ठा ही है। आखिर ऐसा करके उन्होंने क्या हासिल कर लिया?

क्या उनकी इस हरकत से भारतीय टीम एशिया कप की विजेता नहीं रही या फिर खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान पर उसकी जीत का महत्व कम हो गया? इस सच के लिए किसी ट्राफी की दरकार नहीं हो सकती कि एशिया कप में पाकिस्तान ने भारत से फाइनल समेत जो तीन मैच खेले, उन तीनों में उसे हार का ही सामना करना पड़ा। पीसीबी प्रमुख न सही, मोहसिन नकवी को एशियाई क्रिकेट परिषद के मुखिया के रूप में बचकाना व्यवहार करने से बचना चाहिए था। जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पीसीबी प्रमुख को यह संदेश दे दिया था कि भारतीय टीम उनके हाथों ट्राफी नहीं लेगी तो फिर उन्हें ऐसा करने की जिद छोडऩी चाहिए थी।

उन्हें इतनी समझ होनी चाहिए थी कि जब भारतीय क्रिकेटर उनके क्रिकेटरों से हाथ मिलाने को तैयार नहीं तो उनके हाथों ट्राफी कैसे ले सकते हैं? आखिर ऐसा तो है नहीं कि अन्य कोई ट्राफी नहीं दे सकता था। लगता है उन्होंने खुद को पाकिस्तान के गृहमंत्री के रूप में ही देखा, न कि पीसीबी और एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख के रूप में। उन्हें यह भी पता होना चाहिए कि वे एशिया कप विजेता की ट्राफी अपने घर नहीं ले जा सकते। वह भारत की है और रहेगी। मोहसिन नकवी ने जैसी हरकत की, उसके खिलाफ बीसीसीआइ ने आइसीसी में शिकायत दर्ज कराने का जो फैसला किया है, उसका नतीजा जो भी हो, भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट खेलने के मामले में अपनी लक्ष्मण रेखा नए सिरे से खींचने के साथ ही उसे स्पष्ट भी करने की जरूरत है, ताकि वैसे विवाद सामने न आएं, जैसे एशिया कप में देखने को मिले। इस संदर्भ में सबसे पहले तो यही तय करना होगा कि पाकिस्तान से किस स्तर पर कितना क्रिकेट खेलना है?

यह ठीक है कि खेल मंत्रालय ने हाल में स्पष्ट किया कि भारत केवल बहुपक्षीय खेल मुकाबलों में ही उससे खेलेगा, लेकिन इस पर सोचा जाना चाहिए कि भविष्य में बहुपक्षीय आयोजनों में उससे कम से कम खेल संपर्क कैसे हो? चूंकि आज के युग में खेल को राजनीति से अलग नहीं रखा जा सकता और जब पाकिस्तान को हर स्तर पर अलग-थलग करना भारत की नीति है तो फिर क्या खेल को अलग रखा जा सकता है?

इन प्रश्नों पर विचार करते समय इसकी भी अनदेखी न की जाए कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम का खेल स्तरीय नहीं रह गया है और दोनों देशों के बीच के मुकाबलों से वह रोमांच भी गायब हो गया है, जो पहले कभी होता था।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 1 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- भारत में वरिष्ठ नागरिक दिवस
- 1854 - भारत में डाक टिकट का प्रचलन आरंभ हुआ। टिकट पर महारानी विक्टोरिया का सिर और भारत बना होता था। इसकी कीमत आधा आना (1/32 रुपये) थी।
- 1919- हन्टर समिति की स्थापना ब्रिटिश सरकार द्वारा 1 अक्टूबर, 1919 ई. को की गई थी।
- 1949- चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शुरुआत हुई।
- 1949 - जनरल माओ-त्से-तुंग द्वारा चीन जनवादी गणराज्य (पीपुल्स रिपब्लिक आफ़ चाइना) की घोषणा।
- 1953- आंध्र प्रदेश अलग राज्य बना।
- 1960 - नाइज़ीरिया यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ।
- 1967 - भारतीय पर्यटन विकास निगम की स्थापना हुई।
- 1978 - लड़कियों की शादी की उम्र को 14 से बढा कर 18 और लडक़ों का 18 से बढा कर 21 वर्ष किया गया।
- 1996 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा पश्चिम एशिया शिखर सम्मेलन का उद्घाटन।
- 1998 - श्रीलंका में किलिनोच्ची एवं मानकुलम शहरों पर कब्ज़े के लिए सेना एवं लिट्टे उगवादियों के बीच हुए संघर्ष में 1300 लोगों की मृत्यु।
- 2000 - सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेल सम्पन्न।
- 2002 - एशियाड खेलों में स्नूकर प्रतिस्पर्द्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।
- 2003 - नदियों को जोडऩे के सम्बन्ध में बांग्लादेश की आशंकाओं को भारत ने दूर किया।
- 2004 - इजऱायली प्रधानमंत्री एरियल शैरोन के मंत्रिमंडल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैनिक कार्रवाई की योजना को मंज़ूरी दी।
- 2005 - इंडोनेशिया के बाली में हुए बम विस्फोट में 40 लोगों की मृत्यु।
- 2006 - इजऱायल ने लेबनान से अपनी सेना की आख़िरी टुकड़ी को भी वापस बुलाया।
- 2007 - जापान ने उत्तर कोरिया के ख़िलाफ़ प्रतिबन्धों को अगले छ: महीनों तक बढ़ाने की घोषणा की।
- 2008- आतंकवादियों ने त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बम ब्लास्ट किया।
- 2015- ग्वाटेमाला के संता काटरीना पिनुला में भारी बारिश और भूस्खलन से 280 लोगों की मौत।

## विशेष आलेख

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस- 1 अक्टूबर, 2025

# वृद्ध बोझ नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के संरक्षक हैं



ललित गर्ग



संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में घोषित किया है। इस दिवस का उद्देश्य वृद्धों के अधिकारों, उनकी गरिमा और उनके योगदान को रेखांकित करना है। यह दिन हमें यह सोचने को विवश करता है कि जीवन के इस अंतिम पड़ाव में, जिसे कभी सम्मान और अनुभव का प्रतीक माना जाता था, आज वह उपेक्षा, अकेलेपन और असुरक्षा का पर्याय क्यों बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2030 तक 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग पूरी दुनिया में 1.4 अरब से अधिक हो जाएंगे और 2050 तक यह संख्या दोगुनी होकर लगभग 2.1 अरब तक पहुँच जाएगी। विकसित देशों में वृद्धजन आबादी का चौथाई हिस्सा बन चुके हैं, वहीं विकासशील देशों में भी उनकी संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। लेकिन विडंबना यह है कि इस बढ़ती जनसंख्या के साथ उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक भागीदारी की चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में वृद्धजन पेंशन और हेल्थकेयर से तो सुरक्षित हैं, परंतु वहाँ अकेलेपन और मानसिक अवसाद की समस्या विकराल है। एशिया और अफ्रीका में, जहां परिवार व्यवस्था मजबूत मानी जाती थी, अब संयुक्त परिवार टूटने से वृद्धजन आर्थिक व सामाजिक असुरक्षा से जूझ रहे हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरुआत 1991 में हुई थी और इसका उद्देश्य बढ़ती उम्र की आबादी के अवसरों और चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा वृद्धजनों के अधिकारों और योगदान को पहचानना है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस दिवस पर वृद्धजनों को समर्थन देने वाली प्रणालियों को मज़बूत करने का आह्वान किया जाता है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए एकीकृत दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया जाता है। समाज में उनके बहुमूल्य योगदान को मान्यता देना, उनके अधिकारों की रक्षा करना, वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवाएं, देखभाल, सामाजिक सहायता प्रदान करने वाली प्रणालियों को मज़बूत करना, वृद्धजनों को वैश्विक विकास प्रयासों में शामिल करना और शहरी वातावरण को उनके लिए अधिक समावेशी बनाना आदि इस दिवस को मनाने के उद्देश्य हैं। इस दिवस को मनाते हुए वृद्ध व्यक्तियों की डिजिटल प्रौद्योगिकियों तक समान पहुँच प्रदान करने के महत्व पर जोर देना और यह सुनिश्चित करना कि सभी आयु वर्गों के लिए समानता को बढ़ावा दिया जाए और वृद्ध व्यक्तियों के मानवाधिकारों का पालन हो आदि बातों पर विशेष बल दिया जाता है।

इस दिवस की 2025 की थीम 'समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज़ को सशक्त बनाना' है, जो वृद्धजनों की आवाज़, अनुभव और ज्ञान को पहचानने तथा उनके अनुभवों के आधार पर समावेशी समाजों के निर्माण पर जोर देती है। यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि वृद्धजन लचीले और समतामूलक समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्नत एवं आदर्श समाज के निर्माण में वृद्धजनों की आवाज़, उनके दृष्टिकोण और अनुभव को विशेष महत्व है। वृद्धावस्था में कठिनाइयां अनेक रूपों में सामने आती हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से हृदय रोग, मधुमेह, जोड़ों के दर्द और डिमेंशिया जैसी बीमारियाँ उन्हें घेरे रहती हैं, परंतु चिकित्सा सुविधाओं तक उनकी पहुंच सीमित है। आर्थिक दृष्टि से पेंशन व सामाजिक सुरक्षा योजनाएं हर वृद्धजन तक नहीं पहुँचतीं और ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी दयनीय है। सामाजिक स्तर पर आधुनिक जीवन की दौड़ में वृद्धजन अकेलेपन, उदासी और उपेक्षा से पीडि़त हैं। मानसिक दृष्टि से आत्मसम्मान को ठेस, भूमिका से वंचित होना और बेकारपन का एहसास उन्हें भीतर तक तोड़ देता है।

भारत में वृद्धों की स्थिति अधिक चिन्ताजनक है। जबकि वृद्धजन भारतीय समाज की धरोहर मानी जाती रही हैं, उन्हें अनुभव और ज्ञान का भंडार मानते हैं। इसके बावजूद यदि हम उन्हें उपेक्षित करेंगे तो यह केवल अन्याय ही नहीं, बल्कि सभ्यता एवं संस्कृति की पराजय होगी। वृद्धजन केवल जीवित बोझ नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के संरक्षक हैं। उनका सम्मान करना न केवल हमारा नैतिक कर्तव्य है बल्कि एक बेहतर, संवेदनशील और संतुलित समाज के निर्माण की अनिवार्यता है। भारत जैसे विकसित देश के नागरिकों की औसत आयु 60 वर्ष से अधिक 65 हो रही है। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण देश में वृद्धजन की संख्या बढ़ रही है, देश में 2011 में 10.38 करोड़ वरिष्ठ नागरिक थे, जिनके 2050 तक बढक़र 30 करोड़ होने का अनुमान है। अनुमान है, कि 2050 तक हर चौथा भारतीय बुजुर्ग होगा। यह बात भारत के नीति आयोग ने कही है, इसी के कारण बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

# जलते पुतले, बढ़ते रावण- दशहरे का बदलता अर्थ

*दशहरे पर रावण के पुतले जलाना केवल परंपरा नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। लेकिन आज पुतले केवल मनोरंजन बनकर रह गए हैं, जबकि समाज में अहंकार, हिंसा, वासना और अन्य बुराइयाँ लगातार बढ़ रही हैं। असली रावण हमारे भीतर और समाज में मौजूद हैं। यही समय है कि हम अपने मन के रावणों की पहचान करें, उन्हें त्यागें और समाज से अपराध, छल-कपट और अन्य अधर्म को मिटाने का संकल्प लें। तभी दशहरा वास्तव में विजयादशमी बन सकता है।*



डॉ सत्यवान सौरभ

हर साल जब दशहरे की शाम को रावण के विशाल पुतले धू-धू कर जलते हैं, तो दर्शकों की आँखों में उत्सव का रोमांच दिखाई देता है। पटाखों की गडग़ड़ाहट, आतिशबाज़ी की चमक और भीड़ का शोर इस पर्व को एक रंगीन उत्सव में बदल देता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस पूरे आयोजन का संदेश—बुराई पर अच्छाई की जीत—हमारे जीवन और समाज में कहीं उतर पाता है? आज दशहरा एक मनोरंजन का ट्रेंड बनकर रह गया है। लोग पुतले जलाते हैं, फोटो और वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। लेकिन यह सोचने का समय शायद ही निकालते हैं कि यह रावण दहन केवल परंपरा निभाने के लिए नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन और सामाजिक सुधार का अवसर देने के लिए शुरू हुआ था।

रामायण की कथा में रावण केवल एक पात्र नहीं था, बल्कि वह उन बुराइयों का प्रतीक था जो इंसान को पतन की ओर ले जाती हैं—अहंकार, वासना, छल, क्रोध और अधर्म। रावण जैसा महाज्ञानी, शिवभक्त और शूरवीर भी अपनी एक गलती—वासना और अहंकार—के कारण विनाश को प्राप्त हुआ। दशहरा हमें यही याद दिलाने आता है कि यदि बुराई चाहे कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः उसका नाश निश्चित है। लेकिन आज दशहरे का स्वरूप बदल चुका है। अब रावण दहन व्यावसायिक और दिखावटी उत्सव में बदल गया है। हर साल पुतले और बड़े बनाए जाते हैं, पटाखों पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। रिपोर्टें बताती हैं कि पिछले कुछ वर्षों में रावण पुतलों की संख्या कई गुना बढ़ी है, पर समाज में अपराध और बुराइयों का ग्राफ घटने की बजाय बढ़ा ही है। आज के दौर में रावण केवल पुतलों तक सीमित नहीं है। वह हमारे बीच, हमारे आस-पास, हमारे भीतर मौजूद है। समाज में अपराध, बलात्कार, हत्या, दहेज हिंसा, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और नशे की लत जैसी घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। रिश्तों का पतन भी चिंता का विषय है—मां-बाप, भाई-बहन, यहाँ तक कि बच्चों तक की हत्या की खबरें आए दिन सामने आती हैं। आज का इंसान ज्यादा पढ़ा-लिखा और आधुनिक है, लेकिन बुराइयाँ भी उतनी ही तेज़ी से पनप रही हैं। विडंबना यह है कि जिस रावण को हम हर साल जलाते हैं, वह अकेला था। विद्वान था, नीतिज्ञ था, अपने परिवार और राज्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठ था। उसकी एक गलती उसे विनाश की ओर ले गई। लेकिन आज का रावण—यानी आज का अपराधी और बुराई का प्रतीक—उससे कहीं अधिक क्रूर, धूर्त और निर्लज्ज है। दशहरे का पर्व हमें यह याद दिलाने के लिए है कि बुराइयाँ कितनी भी ताकतवर क्यों न हों, उन्हें मिटाना ही होगा। लेकिन केवल पुतले जलाने से बुराइयाँ खत्म नहीं होंगी। हमें यह समझना होगा कि आज का रावण बाहर ही नहीं, भीतर भी है। हर इंसान के भीतर अहंकार, क्रोध, वासना, ईर्ष्या और लालच जैसे रावण मौजूद हैं। जब तक इनका दहन नहीं होगा, तब तक समाज में शांति और न्याय संभव नहीं। पुतला जलाने के साथ हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन से कम-से-कम एक बुराई को अवश्य दूर करेंगे।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



**श्री अरविन्द कुमार सेंगवा**
**(सेवानिवृत आरएएस अधिकारी)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के सेवा निवृत अधिकारी श्री अरविन्द कुमार सेंगवा जी। जोधपुर में 25 जुलाई सन 1963 को जन्में सेंगवा जी सरकार के बहुत होनहार अधिकारियों में से एक गिने जाते हैं। ये अतिरिक्त आयुक्त, भू.प्रबन्ध कम प्राचार्यए भू.प्रबन्ध प्रशिक्षण स्कूल,जयपुर से सेवानिवृत हुए हैं। इससे पूर्व से विभिन्न बड़े पदों पर रहे हैं।

सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर। विशेषाधिकारी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अजमेर।सचिव, अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अलवर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अजमेर। उपायुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अजमेर। जिला रसद अधिकारी, अजमेर। उपखण्ड अधिकारी, कुम्भलगढ़ राजसमंद।

उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ़ जोधपुर।उपखण्ड अधिकारी, सांभर जयपुर। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट, फागी जयपुर रहे। अजमेर को स्म्मार्ट सिटी बनाए जाने में इनका विशेष योगदान रहा है। अलवर एड़ीएम सिटी रहते हुए भी यातायात व्यवस्था व अन्य विकास कार्यो में विशेष दिलचस्पी रखते हुए कार्य किया। विशेषकर मुझे सैदव बड़े भाई के रूप में प्रेम दिया। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। **-रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# पेट के अल्सर वाले मरीज़ बिल्कुल ना खाएं ये चीज़ें

पेट के अल्स को पेप्टिक अल्सर भी कहते हैं, जो कि पेट की परत पर या फिर छोटी आंत के ऊपरी पोर्शन पर छाले कर रूप ले लेते हैं। शोध के हिसाब से भारत में 90 लाख से ज्यादा लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं।

पेप्टिक अल्सर या गैस्ट्रिक अल्सर अमाशय या छोटी आंत के ऊपरी हिस्से में होता है। यह तब बनता है, जब भोजन पचाने वाला अम्ल अमाशय या आंत की दीवारों को नुकसान पहुंचाने लगता है। पेप्टिक अल्सर पेट या ड्यूडिनल में होता है। यह दो प्रकार का होता है, पहला गैस्ट्रिक अल्सर और दूसरा ड्यूडिनल अल्सर। अल्सर होने पर पेट दर्द, जलन, उल्टी और उसके साथ ब्लीडिंग होने लगती है। कुछ समय बाद अल्सर के पकने पर यह फट भी जाता है। इसे परफॉरेशन कहते हैं। अल्सर की वजह से पेट में जलन, दांत काट ने जैसा दर्द आदि होता है। अगर आप खाना खाने के बाद कई घंटों तक अपना पेट खाली रखते हैं तो आपको यह दर्द हो सकता है। यह दर्द रात और सुबह के समय ज्यादा होता है। यह दर्द कुछ मिनट तक रह कर कई घंटो तक रहता है। स्वस्थ खान-पान और तनावमुक्त जीवनशैली आपके स्वास्थ में बहुत अंतर ला सकती है। फिर भी अगर आपकी तकलीफ बढती जा रही है तो डॉक्टर से सलाह लेकर ज़रूरी इलाज करवाएं जिससे यह बीमारी और ना बढ़े। 1. कॉफ़ी- कैफीन के सेवन से आपके पेट में एसिड की मात्र बढती है। इस कारण पेट के अलसर के मरीज को कॉफ़ी से परहेज़ करना चाहिए ताकि आपके पेट में एसिड की मात्र ना बढ़े। साथ ही आपके स्वास्थ में जल्दी सुधार हो। ना सिर्फ कॉफी बल्कि जिस चीज में कैफीन होती है जैसे साफ्ट ड्रिंक या चॉकलेट आदि आपकी हालत खराब कर सकती है।

**2. मिर्च-मसालेदार भोजन-** कई शोधों से यह पता चला है कि मसलेदार भोजन से अलसर बढ़ते हैं और स्थिति और खराब हो जाती है। छालों में जलन होती है। अत: मसालेदार भोजन से परहेज़ करें।

**3. बेक किये हुए खाद्य पदार्थ-** बेक किये हुए खाद्य पदार्थों में ट्रांस वसा की मात्रा बहुत होती है इस कारण यह पेट के एसिड को बढाता है। इसे अलसर में जलन होती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे। आप किसी लड़ाई झगड़े में ना पड़ें।

**वृष**
आज आपका सामाजिक प्रयास बेहतर रहेंगे। आप कुछ नये प्रयास बेहतर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। नौकरी में भी आपको प्रमोशन मिलेगा। आप खुलकर खर्च करेंगे, क्योंकि आपके पास धन की कोई कमी नहीं होगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आप जल्दबाजी के कारण कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। आपने यदि बिजनेस से संबंधित कोई निर्णय लिया, तो इसके लिए बाद में आपको पछतावा होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी आंख और कान खुले रखकर कामों को करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपनी संतान के मनमानी व्यवहार के कारण समस्या हो सकती है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए कला कौशल में निखार लेकर आएगा। आपके कामों की सराहना होगी और आपके हुनर को भी लोग पहचानेंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी।

**तुला**
आज का दिन नौकरी में बदलाव के लिए बेहतर रहने वाला है। आप अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बिजनेस में उतार चढ़ाव रहने से आपको टेंशन बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। जन कल्याण के कार्य में आपकी रुचि रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको माताजी से किसी किए हुए वादे को पूरा करना होगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप अपनी किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपकी सोच समझ से काम पूरे होंगे और परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। प्रॉपर्टी को लेकर कोई विवाद यदि लंबे समय से घेरे हुए था।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आज आप पूरे जोश से कामों को करेंगे। आपकी कार्य क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप की कुछ नए लोगों से नजदीकियां भी बढ़ेंगी। लोगों से आप प्रेम से काम निकालने में कामयाब रहेंगे।

## अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने कंचन बैरवा का स्वागत एवं सम्मान कर शुभकामनाएं दी गई



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले भिनाय उपखड की ग्राम पचायत देवलिया कलां कस्बे की होनहार बेटी कंचन बैरवा पुत्री बालूराम बैरवा निवासी देवलिया कलां , भिनाय का राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में कॉलेज लेक्चरर गणित के पद पर चयन होने पर मंगलवार को अखिल भारतीय बैरवा महासभा ने कंचन बैरवा का स्वागत एवं सम्मान कर शुभकामनाएं दी गई। स्वागत के इस मौके पर अखिल भारतीय बैरवा महासभा राष्ट्रीय मंत्री डॉ श्याम लाल बैरवा( केकड़ी) मुकेश बैरवा निवासी जालिया, रामगोपाल बैरवा निवासी नागोला आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ श्याम लाल बैरवा का ग्राम पंचायत देवलिया कला के बैरवा समाज के लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। स्वागत के इस मौके पर गोपी लाल बैरवा, रोशन कुमार बैरवा, किशन लाल बैरवा, सुशील बैरवा, बसंत कुमार बैरवा तथा श्रीराम बैरवा आदि मौजूद रहे और अखिल भारतीय बैरवा महासभा के पदाधिकारीयो का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

## जीएसटी दरों में की गई कमी की लोगों ने की सराहना, भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बताए लाभ




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** भाजपा शहर मंडल के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में की गई कमी को लेकर एक सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जीएसटी दरों में की गई कमी को लेकर सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जीएसटी दरों की जानकारी दी व इससे होने वाले लाभों से अवगत करवाया। इस दौरान कई व्यापारी कार्यक्रम में शामिल हुए और उत्साहपूर्वक इस नई नीति की सराहना की व इसको एक सकारात्मक कदम बताया। इस अवसर पर शहर महामंत्री वंश प्रदीप पारीक, मंत्री जितेंद्र विजय, जितेंद्र धारवाल, कोषाध्यक्ष रामविलास बलाई, पार्षद शंकरलाल सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शांतनु ने लगातार दूसरे वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर भिनाय का बढ़ाया मान

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय में 30 सितंबर कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र शांतनु वैष्णव पुत्र दिनेश कुमार वैष्णव का 69 वी राज्य स्तरीय 19 वर्ष आयु वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

प्रधानाचार्य अजय धाबाई व शारीरिक शिक्षक निखिल चौधरी ने बताया कि रॉयल सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल परबतसर में दिनांक 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में शांतनु वैष्णव अजमेर जिले का प्रतिनिधित्व करेगा द्य उन्होंने बताया कि विद्यालय के इतिहास में शांतनु वैष्णव लगातार 2 वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने का गौरव प्राप्त करने वाला प्रथम खिलाड़ी है।

## ग्रामीण क्षेत्र में हुई करीब एक घंटा बारिश,खेतों में कटी हुई फसलें भीगी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** उपखंड क्षेत्र में मंगलवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। पिछले दो दिन से मौसम में परिवर्तन दिखाई दिया। मंगलवार की सुबह से ही आकाश में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। दोपहर बाद आकाश को काली घटाओं ने अपने आगोश में ले लिया।

बिजलियां चमकी और बादलों की तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब आधा घंटा तेज बारिश हुई। उपखंड के गांव दतवास में करीब एक घंटा बादल जमकर बरसे। बारिश होने से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। लेकिन बाजरा, मूंगफली, तिल व मूंग की कटी हुई फसलों में भारी नुकसान हो गया। किसानों ने बताया कि अभी तक मानसून की बरसात का पानी ही खेतों में भरा हुआ है। खरीफ की फसल तो नष्ट हो ही गई है। अब रबी की फसल को बोने का समय भी बीतता जा रहा है।

## सेवा भारती के तत्वावधान में सर्व हिन्दू समाज कन्या पूजन व सामुहिक प्रसादी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जले के भिनाय कस्बे के कुण्ड वाले बालाजी मंदिर में मंगलवार को सेवा भारती के तत्वावधान में सर्व हिन्दू समाज कन्या पूजन व सामुहिक प्रसादी का आयोजन किया गया।

सेवा भारती ब्यावर जिला के उप जिला मंत्री मनोज दोसाया ने बताया कि अश्विन माह शुक्ल पक्ष अष्टमी को भिनाय स्थित कुंड के बालाजी स्थान पर सर्व हिंदू समाज कन्या पूजन एवं भोजन प्रसादी रखी गई। जिसमें जगत जननी मां भगवत स्वरूपा 140 कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया एवं उपहार प्रदान कर स्वागत सम्मान किया। लगभग 225 कन्याओं एवं गणेशों की भोजन प्रसादी रही।

**विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं में जिले के 15 हजार 593 श्रमिकों के खातों में हस्तांतरित हुई 20 करोड़ रुपए की राशि**

# राज्य स्तरीय सेवा पखवाड़ा:सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास का हुआ लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** राज्य स्तरीय सेवा पखवाडा कार्यक्रम में मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने ब्यावर जिले के जैतारण कस्बे के श्रीराम चौक में 362 करोड के कार्यों का शिलान्यास एवं लोर्कापण कार्यक्रम में 1.87 लाख निर्माण श्रमिकों को 209 करोड रूपये का हस्तान्तरण किया। साथ ही दिव्यांगजनों को स्कूटी एवं सहायक उपकरण सौंपे। कार्यक्रम का सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग टोंक के वीसी रूम में विडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए प्रसारण किया गया। जहां जिले के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सावित्रीबाई फुले कन्या छात्रावास,वजीरपुरा टोंक में 50 बालिकाओं के लिए 280 लाख रुपए की लागत से सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए नवीन छात्रावास का लोकार्पण एवं विशेष योग्यजन बालको को श्रवण यंत्र एवं अन्य सहायक उपकरण कीट का वितरण किया गया ।

श्रम विभाग की ओर से 15 हजार 593 निर्माण श्रमिकों को निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल विकास योजना, प्रसूति सहायता योजना, मृत्यु सहायता योजना आदि में 20 करोड रुपए से लाभान्वित किया ।

इस दौरान जिला प्रमुख सरोज बसंल,जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ.करतार सिंह मीना,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दीनदयाल बस्ती में विजया दशमी महोत्सव को लेकर निकाला पथ संचलन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर 5 अक्टूबर तक विजया दशमी महोत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर सैंकड़ों स्वयं सेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया। मुख्य शिक्षक मनीष चौधरी ने बताया कि दीन दयाल बस्ती में स्वयं सेवकों ने मातृशक्ति के साथ उत्साह पूर्वक पथ संचलन निकाला। पथ संचलन को शुभारंभ मुख्य अतिथि वैद्य सत्यनारायण शर्मा, जिला सह कार्यवाह सतीश पाटीदार, मुख्य वक्ता सांगानेर विभाग सेवा प्रमुख सुरेश स्वामी द्वारा शस्त्र पूजन करके किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेवकों द्वारा शारीरिक प्रदर्शन व प्रयोग प्रदर्शित किया। मुख्य वक्ता सुरेश स्वामी ने विजयादशमी उत्सव के महत्व के बारे में बताया साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, नागरिकता शिष्टाचार, स्व बोध, पर्यावरण संरक्षण व कुटुंब प्रबोधन को जीवन में उतारने का आह्वान किया। स्वामी ने संघ के संस्थाप डॉ. साहब को याद किया। इस दौरान सभी गणवेश धारी स्वयं सेवकों ने दीनदयाल बस्ती में घोष वादन के साथ 80 फिट रोड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, दीन दयाल कॉलोनी व शास्त्री नगर में पथ संचलन निकाला। मार्ग में मातृशक्ति व आमजन द्वारा स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। फल वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## माटी कला कामगारों को नि:शुल्क बिजली चलित चाक व मशीनें वितरित

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (का.स.)।** टोंक जिला मुख्यालय पर प्रजापति छात्रावास भवन पन्नाधाय कॉलेज रोड में श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा वर्ष 2024-25 में चयनित 20 लाभार्थियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत इलेक्ट्रिक चाक व मिट्टी गुंथने की (पगमिल) मशीन का वितरण किया गया। साथ ही जिन्होंने इस वर्ष ऑनलाइन आवेदन किए हैं,उनकी लॉटरी भी विधानसभा क्षेत्रवाइज निकली गई। टोंक जिले की चार विधानसभा क्षेत्र से 40 लाभार्थियों का चयन किया गया।

बोर्ड के सीईओ डॉ. राहुलराज ने बताया कि राजस्थान सरकार और माटी कला बोर्ड द्वारा निशुल्क उपलब्ध करवाई गई मशीनें कामगारों के रोजगार और जीवन स्तर को सुदृढ़ करेंगी। उन्होंने इसे कारीगरों को आधुनिक तकनीक से लैस करने की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि विद्युत चालित चाक और मिट्टी गुंथने की मशीन से लागत व मेहनत कम होगी, उत्पादन बढ़ेगा और आय में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में मां श्रीयादे शिक्षा समिति के अध्यक्ष घासीलाल प्रजापत, उपाध्यक्ष कजोड़ मल, सचिव गिरिराज, रामकिशोर पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश, कंचन देवी,रामलाल, श्रवण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## श्री कंकाली माताजी के छप्पन भोग की सजाई झांकी, घरों में की गई कुल देवी की पूजा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिले भर में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया गया।घरों सहित मंदिरों में शक्ति की देवी, कुल देवी की विधिवत पूजा अर्चना की गई।साथ ही कन्याओं को भोजन करा करके उपहार दिए गए।

श्री कंकाली माता जी के मंदिर टोंक में मंगलवार दुर्गा अष्टमी को छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। जिसके दर्शनार्थ सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।छप्पन भोग की झांकी के दर्शनों के लिए देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। दुर्गाष्टमी को घरों में श्रद्धालुओं ने खीर, लापसी का भोग लगाकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करके सुख-समृद्धि की कामना की।वहीं देवी मन्दिरों में श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ थी। नेशनल हाई-वे स्थित वैष्णो माता मन्दिर में माँ दुर्गा के नवें स्वरुप के रुप में देवी सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई तथा छप्पन तरह की मिठाइयों का भोग लगाया गया।

दुर्गाष्टमी को आरएसी माता मन्दिर, संतोषी माता मन्दिर पुलिस लाईन, बनास देवी वेष्णों देवी माता मन्दिर, स्वर्णदुर्गा मन्दिर नेशनल हाईवे, संतोषी माता मन्दिर किदवई पार्क, आतंरिया बालाजी, दूधिया बालाजी , श्रीराम मन्दिर, रघुनाथ मन्दिर, मंशापूर्ण भूतेश्वर महादेव, श्रीसीतारामजी, गोपालजी, रामेश्वर शिवालय आदि मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हुए तथा श्रद्धालुओं की सुबह से शाम तक दर्शनों के लिए आवाजाही लगी रही।

## विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बालक बालिका गरबा,डांडिया कार्यक्रम में उत्साहित हो उठे

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी )।** यहां नवरात्रि पर्व के चलते स्कूलों में गरबा,डांडिया कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने भाग लिया और बड़े उत्साहित होकर डांडिया नृत्य किये। जानकारी के अनुसार देवली शहर के विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के समस्त स्टाफ ने मां सरस्वती एवं मां दुर्गा के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । गरबा डांडिया कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने सांस्कृति साहित्यिक परिवेश वेशभूषा धारण किए हुए थे। इस पर बच्चे सभी का मनमोहित करते दिखाई दिए । कार्यक्रम में गरबा,डांडिया नृत्य पर उत्साहित नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं के पाव अलग-अलग संगीत पर थिरक उठे इस अवसर पर स्कूल के बालक बालिकाओं ने विभिन्न प्रकार की वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम में विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक विनय कुमार जैन निर्देशक विकास सिंघल डायरेक्टर कपिल सिंगल सहित समस्त स्कूल की अध्यापिकाओं ने गरबा डांडिया में बच्चों की हौसला अफजाई की ।

**रणथंभौर में आज से नए पर्यटन सत्र का शुभारंभ**

# साफ-सफ़ाई और अनुशासन के साथ अतिथियों का सत्कार करने का आह्वान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र रणथंभौर टाइगर रिजर्व के लिए नया पर्यटन सीजन एक अक्टूबर, (बुधवार) से शुरू हो रहा है। जिला प्रशासन सहित संबंधित स्थानीय विभागों और आतिथ्य सत्कार से जुड़े संस्थानों ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जिला कलक्टर काना राम ने इस विषय में विभिन्न हितधारकों से विमर्श के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने होटल-पीजी, टूर-टैक्सी ऑपरेटर, सफारी गाइड-वाहन चालक, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यकर्ताओं की उनकी जिले में पर्यटन के विकास के लिए सकारात्मक सोच रखने पर सराहना की। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि पर्यटन और पर्यावरण से जुड़े सभी हितधारकों के बेहतर आपसी समन्वय और सकारात्मक सोच के साथ काम करने से जिले के पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और नगर परिषद की ओर से पर्यटकों के सत्कार के लिए एक साफ-सुथरा शहर प्रस्तुत करने में आम नागरिकों सहित सभी के सहयोग की जरूरत है। पर्यटकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में इससे जुड़े व्यवसायों की बड़ी भूमिका है। होटल-रेस्टोरेन्ट आदि को कचरा निस्तारण, सफाई प्रबंधन और प्लास्टिक के उपयोग को रोकने पर स्वयं फोकस करना होगा। उन्होंने कहा कि संरक्षित वन क्षेत्र के आस-पास अवैध निर्माण आदि गतिविधियों को रोका जाना चाहिए। काना राम ने कहा कि वन क्षेत्र और उसके आसपास संरक्षण, विकास और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सभी को नियम-कायदों और अनुशासन की पालना करनी होगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन द्वारा सवाई माधोपुर शहर के हमीर सर्कल और रणथंभौर रोड़ के सौंदर्यकरण का कार्य शुरू हो चुका है। शहर के लटिया नाला और झरेटी नाला क्षेत्र के विकास के लिए भी योजना तैयार की जा रही है। इसी प्रकार, सूरवाल बांध में पानी के प्रबंधन और इसे बनास से जोडने पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हितधारकों से प्राप्त सुझावों पर राज्य सरकार के साथ सकारात्मक चर्चा कर इन्हें यथासंभव लागू किया जाएगा।

### नए पर्यटन आकर्षण केंद्रों के विकास पर सबसे अधिक सुझाव

बैठक में पर्यटन और संरक्षण गतिविधियों से सम्बद्ध विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधाओं के उपलब्धता के साथ ही सवाई माधोपुर और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन के विस्तार की काफी संभावनाएं हैं। स्थानीय प्रसाशन और व्यवसायियों के प्रयासों से नए आकर्षण केन्द्र विकसित हो सकते हैं। सूरवाल में बर्ड वाचिंग, पालीघाट में बोटिंग, वन क्षेत्र में नए टाइगर सफारी जोन का चिन्हीकरण आदि सहित रणथंभौर किले तथा पुराने सवाई माधोपुर शहर में नए पर्यटन आकर्षणों के विकास पर विस्तार से चर्चा की गई।

# जिला कलक्टर काना राम ने किया 69वीं राज्य स्तरीय नेटबॉल छात्रा वर्ग प्रतियोगिता का शुभारंभ

## 77 टीमों की 924 खिलाड़ी खिलाड़ी कर रही प्रतिभा का प्रदर्शन, बूंदी ओर फलौदी के मध्य खेला गया उद्घाटन मैच

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर काना राम ने मंगलवार को पुलिस लाइन मैदान में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ 69वीं राज्य स्तरीय नेटबॉल 17 एवं 19 वर्ष छात्रा वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के प्रतिनिधि व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक मीणा, विशिष्ट अतिथि पूर्व उपसभापति राजेश गोयल तथा नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सांमरिया सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने खिलाडियों से संवाद करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक व मानसिक विकास को गति देते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और भाईचारे का भी संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें जीत के साथ हार को स्वीकार कर भविष्य में और बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं।

**विजेता टीमों को रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में करवाई जाएगी निःशुल्क टाइगर सफारी-** जिला कलक्टर बताया कि प्रतियोगिता में विजेता तीन टीमों को पुरस्कार के साथ-साथ सवाई माधोपुर की यादगार सौगात के रूप में रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में निःशुल्क टाइगर सफारी करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि खेल संस्कृति को विद्यालय स्तर पर बढ़ावा देना आवश्यक है ताकि प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिले और युवा पीढ़ी स्वस्थ व सशक्त बने।



कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि दीपक मीणा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता प्रदान करते हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश लाल मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता 30 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 17 वर्ष में 38 एवं 19 वर्ष में 39 टीम, कुल 77 टीमों की 924 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के लिए पुलिस लाइन मैदान में छह नेटबॉल ग्राउंड तैयार किए गए हैं। खिलाडियों व प्रतिभागियों की सुविधा के लिए 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम 07462-220354 भी स्थापित किया गया है। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य राबाउमावि मानटाउन कल्पना शर्मा एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार शर्मा व संतोष कुमार मीना ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं । उद्घाटन मैच बूंदी ओर फलौदी के मध्य खेला गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश लाल मीना, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक देवी लाल मीना, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मीना व संतोष कुमार मीना , निदेशालय बीकानेर से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक चन्द्रशेखर जोशी एवं संयुक्त निदेशक भरतपुर प्रतिनिधि कर्णफूल मीना सहित सहित सभी जिलों से आए हुए टीम प्रभारी सभी प्रतिभागी एवं आमजन उपस्थित रहें।

## रावण का जलवा बरकरार



**माना** कि भगवान श्री राम ने रावण का वध कर बुराई व अहंकार पर सच्चाई की जीत का संदेश दिया,लेकिन रामलीला में रावण का जलवा हर वर्ष की भांति बरकरार है। हम जिक्र कर रहे हैं राज ऋषि अभय समाज के रंगमंच पर आयोजित होने वाली भव्य रामलीला के मंचन का। जहां रावण का संजीव अभिनय महान अभिनेता व रंगमंच कर्मी ललित मिश्रा कर रहे हैं । ललित मिश्रा को देखने के बाद ऐसा महसूस होता है कि सच में रावण अहंकारी तो था लेकिन गौरवशाली भी था, रावण अधर्मी तो था लेकिन विद्वान भी था। रावण दूरदर्शी था इसलिए शायद अपने उद्धार के लिए इस तरह के कर्म को मनोनीत रख अपना और अपने सारे कुनबे का भगवान राम के हाथों वध करवा कर बैकुंठ की प्राप्ति ले ली । राज ऋषि अभय समाज में पिछले कई दिनों से चल रही भव्य श्री रामलीला में ललित मिश्रा द्वारा रावण के किरदार को संजीव तरीके से निभाया जा रहा है। तस्वीर में शंकर सैनी भी अपनी कला का अद्भुत परिचय दे रहे हैं। जो रावण के महामंत्री का अभिनय कर रहे हैं। श्रीराज ऋषि अभय समाज की रामलीला प्राचीन समय से ऐतिहासिक रूप से मंचित की जाती है,जहां दर्शक कलाकारों का अभिनय देख ताली बजाने पर मजबूर हो जाते हैं।

'रूपक शर्मा'

## बालदी भाई-बहनों का कमालः अलवर ने रोलर स्केटिंग टूर्नामेंट में जीते 9 गोल्ड मेडल



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आर एस एफ आई) के डिस्ट्रिक्ट लेवल टूर्नामेंट में अंतरिक्ष बालदी, मान्या बालदी एवं प्रकृति बालदी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 300 मीटर, 500 मीटर और 700 मीटर - तीनों ही रेस में गोल्ड मेडल अपने नाम किए। कुल मिलाकर तीनों भाई-बहनों ने मिलकर नौ (9) गोल्ड मेडल जीतकर अलवर का मान बढ़ाया। गौरतलब है कि ये तीनों भाई-बहन लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और निरंतर मेडल्स जीतकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। हाल ही में मान्या बालदी एवं अंतरिक्ष बालदी ने सीबीएसई नेशनल कलस्टर गेम्स में अपने स्कूल एवं जिले का प्रतिनिधित्व किया।

वहीं देहरादून डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में भी दोनों ने गोल्ड मेडल जीतकर अलवर की पहचान को और ऊँचा किया। अब ये तीनों अपनी प्रतिभा के दम पर स्टेट लेवल पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे और अलवर की नई पहचान बनाएंगे।

# सेवा पखवाड़े के तहत मोदी समर्थकों ने मरीजों को किए फल वितरित

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित उपजिला अस्पताल में भाजपा के सदस्य होते हुए भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थकों ने मरीजों को फल वितरित किए। बानसूर विप्र समाज के ब्लॉक अध्यक्ष विकास जोशी ने बताया कि जिनके द्वारा मरीजों को फल वितरित किए जा रहे हैं वे भाजपा के सदस्य भी नहीं हैं। इन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और कुशल नेतृत्व के लिए उनके जन्मदिन के अवसर पर यानी सेवा पख़वाड़े में मरीजों को फल वितरित कर उनकी दीर्घायु की कामना की है। जोशी ने बताया कि ये लोग सिर्फ मोदी के समर्थक हैं भाजपा के नहीं !वोटिंग मोदी को करते हैं भाजपा को नहीं ! इनकी मोदी भक्ति देखकर तो मैं स्वयं भी हैरान हूँ !इस मौके पर उपजिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश यादव, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ बाबूलाल वर्मा, आयुष विभाग के नॉडल प्रभारी डॉ रतीराम कुमावत,डॉ अरुण शर्मा,वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं भाजपा नेता बृजमोहन शर्मा, विप्र समाज के ब्लॉक अध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता एडवोकेट विकास जोशी, टिंकू यादव, देवेंद्र यादव, अनिल अन्नू, अजीत गुर्जर, कमल ढांचोलिया, लोकेश जिलोवा और कृष्ण गुर्जर, शिवम गोयल, कृष्ण शेखावत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## दुर्गा अष्टमी पर घर-घर में देखी गई मां की ज्योत, मंदिरों में उमड़ी भीड़

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** मंगलवार को कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में महाअष्टमी पर घर-घर में कन्या पूजन कर ज्योत देखी गई। इस दौरान छोटी-छोटी कन्याओं को घर बुलाकर उनके पैर धोकर, उनके माथे पर कुमकुम का तिलक लगाएं और उन्हें सात्विक भोजन जैसे पूड़ी, हलवा, चने और अन्य मिष्ठान खिलाकर कन्याओं को नए कपड़े, लाल चुनरी, पेन, किताबें और अन्य उपहार दिए गए। इस दौरान कन्याओं कै पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया गया। इससे पूर्व घर-घर में माता की ज्योत जलाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। वहीं कस्बे के माचाड़ी मार्ग देवी जी मंदिर में सुबह माता का अलौकिक श्रृंगार किया गया। इस दौरान आरती का आयोजन हुआ। सायं को महा आरती का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसी के साथ दो दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ।

मेले में बड़ी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं गायत्री शक्तिपीठ पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं पहाड़ वाली वैष्णो माता मंदिर में माता रानी का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। मंदिर में माता रानी के दर्शन के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु पहुंच कर माता के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

## केंद्रीय मंत्री की ओर से करणी माता को चुनरी चढ़ाई



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की ओर से शारदीय नवरात्र के अवसर पर बाला किला स्थित करणी माता मंदिर में उनके निजी सचिव गौरव सुगंधा और रविंद्र जोशी लखन द्वारा माता को चुनरी चढ़ाई गई। इस अवसर पर उनके द्वारा मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की और देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की गई। करणी माता के दरबार में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के निजी सचिव गौरव सुगंधा व रविंद्र जोशी के आगमन पर मेला कमेटी के संयोजक राजेश जोशी, करणी माता व्यवस्था समिति के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, महंत उमेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मीनारायण लक्ष्य, प्रकाश बेनीवाल, प्रमोद शर्मा, महेश मुद्गल, जितेंद्र खेमानी आदि ने उनका माला और दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

## अविस्मणीय कार्यक्रम के बाद चातुर्मास संयोजक पवन चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर की पावन धरा पर पहली बार 25 समवसरण महामंडल विधान का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य प्रवर 108 वसुंनंदी जी महामुनिराज की प्रेरणा एवं उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी मुनिराज, पुन्यानंद जी मुनिराज, धैर्यनंद जी मुनिराज ससंघ के सानिध्य के साथ-साथ पंडित प्रवर मनोज जी शास्त्री, बाल ब्रह्मचारी विजय भैया लखनादौन और बाल ब्रह्मचारी संजय भैया शास्त्री जैसे विद्वानों के निर्देशन में यह ऐतिहासिक विधान सम्पन्न हुआ।



आयोजन समिति के अनुसार, वर्षों बाद अलवर दिगंबर जैन समाज के सभी घटक निर्विकार भाव से एकजुट हुए और 101 प्रतिष्ठित जिनबिंबों के सानिध्य में समाजजन ने अपनी आहुति प्रदान कर इस महायज्ञ को अविस्मरणीय बना दिया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि अलवर ही नहीं, बल्कि बाहर से आए श्रावक-श्राविकाओं ने भी अपनी सहभागिता से जिन शासन की गरिमा को उच्च स्थान दिलाया। उन्होंने उन सभी सहयोगियों का आभार जताया जिन्होंने अपनी धनराशि, समय और शारीरिक श्रम से इस आयोजन को भव्य बनाने में योगदान दिया। उन्होंने पत्रकार बंधुओं का भी आभार प्रकट किया, जिन्होंने प्रतिदिन के कार्यक्रमों को समाज तक पहुंचाकर अनुमोदना की। साथ ही प्रशासन का विशेष धन्यवाद दिया गया, जिसने हर समय सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नौगांव के सुमत जी जैन, पीएनबी के अशोक जी जैन, अजीत जी जैन बड़ेर, रविकांत जी, रविंद्र जी जैन, राजेश जी जैन, पंकज कपूर जी, दीवान सतीश जैन, संजय जैन बरवाड़ा, संजय जैन (प्रियंका गैस वाले), सुनील जी बुटोली, प्रदीप जी अंबिया, मनोज जैन डीग वाले, हिमांशु जैन, विशाल जैन, आशीष जैन, प्रदीप जी आंबेडकर नगर समेत बड़ी संख्या में लोगों ने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया। अंत में आयोजकों ने समाज के चारों अध्यक्ष - मुकेश जी, प्रवीण जी, राजेंद्र जी और राजेंद्र जैन साहब - का विशेष आभार प्रकट किया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया।समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी समाजजन से क्षमा याचना भी की कि यदि किसी के भावों या कार्यप्रणाली से कोई आहत हुआ हो तो उसे क्षमाभाव से देखा जाए। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी समाज की एकता और धर्मप्रेम को नई ऊंचाई प्रदान करेंगे।

## श्री परशुराम ज्ञानपीठ,जयपुर में कन्या छात्रावास का शुभारंभ आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ गंगापुर सिटी( राकेश शर्मा )।** श्री परशुराम ज्ञानपीठ जयपुर में स्थापित छत्र-छाया महिला छात्रावास का विधिवत शुभारंभ आज 1 अक्टूबर नवरात्र की पवित्र महानवमी को होगा।

ज्ञानपीठ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूर्व डीजीपी ओमेंद्र भारद्वाज ने बताया कि विप्र फाउंडेशन द्वारा संचालित छात्रावास में समाज की प्रतिभाशाली कन्याओं को प्रवेश दिया जाएगा। प्रबंधन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा के अनुसार घर से दूर घर जैसे ही परिवेश से समृद्ध छात्रवास में प्रवेश के निमित केवल रख-रखाव शुल्क ही लिया जाएगा। आवास पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा।

विप्र फाउंडेशन भरतपुर जोन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ हेमंत शर्मा ने बताया कि छात्रावास के सुसज्जित आवास कक्ष में बेड, अलमारी, मेज एवं कुर्सी, बिजली एवं पंखे की सुविधा, शुद्ध एवं शीतल पेयजल, डाइनिंग हॉल, महिला वार्डन, 24म7 चौकीदार एवं सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, लाइब्रेरी, साझा शौचालय एवं स्नानगृह, नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था आदि की सुविधाएं उपलब्ध होगी। राजस्थान के दूर-दराज इलाकों से बेटियाँ प्रवेश हेतु ज्ञानपीठ आ रही हैं।

**कई आवेदनों का शिविर में ही हुआ निस्तारण**

# नगरीय निकायों में आयोजित शहरी सेवा शिविर अभियान में आमजन में उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** जिले में 6 नगरीय निकाय नगर परिषद सवाई माधोपुर, नगर परिषद गंगापुर सिटी, नगर पालिका बौली, नगर पालिका खण्डार, नगर पालिका वजीरपुर एवं नगर पालिका बामनवास में राज्य सरकार के आदेशानुसार शहरी सेवा शिविर 2025 सेवा पखवाडा के अंतर्गत शिविर आयोजित हुए, जिसमें सभी नगर निकायों में आमजन से आवेदन / प्रकरण प्राप्त हुए है।



नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र जिंदल ने बताया कि कृषि भूमि, 69 ए व नगर परिषद योजनान्तर्गत पट्टे संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 300 (33 निस्तारित), नाम हस्तान्तरण संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 30 (18 प्रकरण निस्तारित), भवन मानचित्र संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 11, नगरीय विकास संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 16 (9 प्रकरण निस्तारित), कुल जी.वी.पी संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 957 (416 प्रकरण निस्तारित), व्यक्तिगत घरेलू शौचालय संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 15 (11 प्रकरण निस्तारित), सीवरेज कनेक्शन संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 23 (12 प्रकरण निस्तारित), सडक मरम्मत / सुधार संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 67 (21 प्रकरण निस्तारित), नाला/ नाली मरम्मत व सुधार प्रकरण संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 54 (19 प्रकरण निस्तारित), स्ट्रीट लाईट लगाने व सुधार संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 393(290 प्रकरण निस्तारित), निराश्रित पशुओं को पकडने संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 103(99 प्रकरण निस्तारित), जन्म-मृत्यु विवाह संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 1805(1732 प्रकरण निस्तारित), फायर एनओसी संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 40 (18 प्रकरण निस्तारित), पीएम स्वनिधि संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 178, उर्जा विभाग संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 102 (97 प्रकरण निस्तारित), महिला बाल विकास विभाग संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 514 (393 प्रकरण निस्तारित), आई.सी.डी.एस (प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना) संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 524 (397 प्रकरण निस्तारित), खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 380 (267 प्रकरण निस्तारित), खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 3471 (2585 प्रकरण निस्तारित), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वार्षिक सत्यापन संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 120 (16 प्रकरण निस्तारित), पालनहार योजना अन्तर्गत संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 28 (03 प्रकरण निस्तारित), मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत संबंधी कुल प्राप्त प्रकरण 4 (4 प्रकरण निस्तारित) आदि कार्य किए गए। आयुक्त ने बताया कि शिविर के माध्यम से आमजन के कार्य सुगमता से कर राहत पहुंचाई जा रही है। आगामी दिनों में भी आयोजित किये जाने वाले शिविरों में नियमित रूप से आमजन के कार्य किए जाएंगे।


सेवा पखवाड़ा के तहत दिव्यांग जनों को मिली स्कूटी

# सेवा के लिए समर्पित और संकल्पित है भजनलाल सरकार : संदीप शर्मा



**बढ़ता राजस्थान, कोटा (विनोद गौड़)।** विधायक संदीप शर्मा ने कहा है कि सत्ता में आने के बाद से ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार पीड़ित, शोषित, दीन, दुखी व्यक्तियों की सेवा के लिए समर्पित और संकल्पिक है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए सरकार विशेष प्रयास कर रही है कि किस प्रकार उन्हें अधिक से अधिक संख्या में सरकार की योजनाओं से जोडक़र लाभान्वित किया जाए। वे मंगलवार को बाधित बाल विकास केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पद से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत विशेष अभियान चलाकर दिव्यांगों को त्वरित लाभ प्रदान करने के निर्देश जारी किए गए थे जिसकी पालना में आज यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। हमारा प्रयास है कि यह स्कूटी दिव्यांग जनों के आवागमन में सहायक बने, वहीं कौशल विकास कार्यक्रम से जोडक़र उन्हें स्वावलम्बी बनाया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि दिव्यांगों के लिए दया और सहानुभूति दिखाने के बजाय उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग कर उनको समाज में मुख्य धारा में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। कार्यक्रम के समापन पर संस्था प्रमुख सर्वेश्वरी रानीवाला द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता गजेन्द्र सिंह देवड़ा, सुरेश लखेरा, शंकर गेरा, सुरेन्द्र सिंह, दीपक कश्यप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्राइड ऑफ कोटा' में सम्मान समारोह सम्पन्न



**बढ़ता राजस्थान, कोटा (विनोद गौड़)।** यंग इंडियन कोटा चैप्टर द्वारा जवाहर नगर ऑडिटोरियम में प्राइड ऑफ कोटा समारोह आयोजित हुआ। संस्था की चेयर पर्सन साक्षी जैन और को-चेयर अंकित राठी ने बताया कि शिक्षा,पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण और खेल जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले श्रेष्ठ व्यक्तित्वों व संस्थाओं को सम्मानित किया गया। साक्षी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मानित विभूतियों में ख्यातनाम शिक्षिका शोभा कँवर जिन्होने कौन बनेगा करोड़पति (यक्चष्ट) तक पहुँचने वाली शिक्षा विभाग की पहली महिला शिक्षिका के रूप में उन्होंने जीती हुई लाखों की राशि भी विद्यार्थियों को समर्पित कर दी। राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु नामित और कई राष्ट्रीय-राज्य स्तरीय सम्मानों से अलंकृत शोभा कँवर का योगदान शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल है। डा.अर्थ के निदेशक मोहक, जिन्होंने प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन का अभिनव मॉडल प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण में कार्य किया और अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रा-साइक्लिस्ट नितिन सैनी, जिन्होंने यूरोप से एशिया तक कठिन यात्राएँ पूरी कर कोटा का नाम रोशन किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर पीयूष समारिया, एलन निदेशक गोविंद व राजेश माहेश्वरी तथा ऑरिलाइट निदेशक ने सम्मान प्रदान किये। समारोह की तैयारियाँ प्रोजेक्ट डायरेक्टर अंकिता जैन के नेतृत्व में हुईं।

## ऊर्जा मंत्री नागर ने काफिला रोककर दुर्घटाना में घायलों को अस्पताल पहुंचाया

**बढ़ता राजस्थान, कोटा/ सिमलिया।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने सिमलिया जाते समय दुर्घटना में घायल पति पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने दोनों घायलों को अपनी एस्कॉर्ट से अस्पताल पहुंचाया। दरअसल मंगलवार जानवर को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार दंपति घायल हो गए थे। इसी दौरान ऊर्जा मंत्री का काफिला वहां से होकर गुजर रहा था। मंत्री नागर ने काफिले को रोककर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जिन्हें प्राथमिक चिकित्सा के बाद छुट्टी दे दी गई। घायल बारां जिले के बताए जा रहे हैं। इस दौरान मंत्री श्रीनागर विभिन्न गावों में गए और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने सारोला, कल्याणपुरा में शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाया। वहीं पोलाई कलां में दुर्घटना में घायलों से भी मुलाकात की।



## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़े के सुचारु संचालन के निर्देश



**बढ़ता राजस्थान,कोटा (विनोद गौड़)।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रंगबाड़ी कोटा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेंद्र नागर द्वारा औचक निरीक्षण किया जिसमें उनके द्वारा मरीज की जांच कर अभियान के अन्तर्गत समस्त परिलाभ की जानकारी ली गयी । अभियान के अन्तर्गत समस्त परिलाभ समस्त नागरिकों को मिले इस हेतु स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ को पांबद कर समय समय पर जिला स्तर पर नियमित रिपोर्ट देना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रंगबाड़ी की अभियान केद्र अन्तर्गत दी गई सेवाओं ओर रिपोर्ट का विश्लेषण करे सुधार करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विज्ञान नगर कोटा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़े में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरेंद्र नागर द्वारा औचक निरीक्षण किया जिसमें उनके द्वारा अभियान के अन्तर्गत समस्त परिलाभ की जानकारी ली गयी ।

अखिल ब्राह्मण महासभा द्वारा भव्य डांडिया एवं गरबा उत्सव आयोजित

# गरबा और डांडिया केवल नृत्य नहीं हैं, बल्कि हमारी परंपराओं और मूल्यों का प्रतिबिंब हैं : संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** अखिल ब्राह्मण महासभा ने एक शानदार डांडिया एवं गरबा उत्सव का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मां दुर्गा की भक्ति में देर रात तक डांडिया और गरबा नृत्य किया गया। अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने बताया कि मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा व शुभारंभ माता रानी को दीप प्रज्जोलित कर पूर्व महापौर सुमन श्रृंगी ने किया।

संभागीय अध्यक्ष राम स्वरूप शर्मा ने बताया कि गरबा और गुजरात का पारंपरिक नृत्य उत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर, हाथों में डांडिया लेकर गोल घेरे में नृत्य किया। कार्यक्रम में कई लोकप्रिय गरबा गीत बजाए गए, जिनमें चुनरी झलके रे, रंग मा रंगाई जाने, ढोलिडा ढोल रे वगाड, और केसरिया बालम जैसे गीत शामिल थे।

मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, यह उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। गरबा और डांडिया केवल नृत्य नहीं हैं, बल्कि



हमारी परंपराओं और मूल्यों का प्रतिबिंब हैं। संस्था के प्रमुख पदाधिकारियों में संभागीय अध्यक्ष राम स्वरूप शर्मा, अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम,महामंत्री नन्द किशोर शर्मा, नरेश पालीवाल,रघुनन्दन शर्मा, गोपाल शर्मा, और शामिल थे। महिला मंडल का नेतृत्व अध्यक्ष कल्पना शर्मा, महामंत्री अंबिका शर्मा, सूरज लता शर्मा, उर्मिला गौतम और डॉ. सुशीला जोशी,मधु त्यागी ने किया।विशिष्ट सहयोगी के रूप में संस्था उपाध्यक्ष डॉ. रघुनन्दन शर्मा तथा निर्णायक मंडल में तारणा शर्मा, शीतल विजय रही और संचालन सुप्रिया दाधिच ने किया।

विभिन्न श्रेणियों में मिले पुरस्कार

विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। 3 से 20 वर्ष आयु वर्ग में बेस्ट डांस का प्रथम स्थान मायरा शर्मा और द्वितीय स्थान सांभवी गौत्तम ने प्राप्त किया, जबकि बेस्ट ड्रेस में अर्थव दाधीच प्रथम तथा गुनगुन द्वितीय रहे। 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (महिला वर्ग) में बेस्ट डांस का द्वितीय स्थान पायल शर्मा को मिला। बेस्ट ड्रेस में पायल शर्मा प्रथम तथा उर्मिला गौत्तम द्वितीय स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में बेस्ट डांस श्रेणी में नरेश शर्मा प्रथम तथा मनोज व्यास द्वितीय रहे, जबकि बेस्ट ड्रेस में दिनेश दुबे प्रथम और राजेन्द्र मोहन द्वितीय रहे। कपल डांस प्रतियोगिता में बेस्ट डांस श्रेणी का प्रथम पुरस्कार मनोज शर्मा एवं नीतू शर्मा की जोड़ी को मिला, जबकि द्वितीय स्थान शैलेन्द्र शर्मा एवं पूजा शर्मा को मिला। बेस्ट ड्रेस श्रेणी में हरीबल्लभ शर्मा एवं डॉ. शकुन्तला शर्मा प्रथम तथा रामस्वरूप शर्मा एवं सूरजलता शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।

## सेवानिवृत्त 23 रेलकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा मंडल में मंगलवार को रेल सेवा से निवृत्त हुए 23 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का भुगतान एनईएफटी माध्यम से किया गया। साथ ही उन्हें स्वर्ण पदक, पेंशन भुगतान आदेश (आई-पास पोर्टल से), मानार्थ पास, परिचय पत्र तथा उदारीकृत चिकित्सा सुविधा कार्ड प्रदान किए गए।

महर्षि पराशर पारीक सेवा संस्थान का डांडिया उत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

# गरबा की धुनों पर झूमे समाजजन, कोटा में डांडिया उत्सव ने बांधा समां

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** महर्षि पराशर पारीक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित डांडिया उत्सव सुभाष नगर स्थित समाज भवन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोटा विकास प्राधिकरण की आयुक्त ममता तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक रहे।

संस्थान के अध्यक्ष रमेश शर्मा व्यास ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना कर तथा 101 दीपों से आरती उतारकर किया। इस अवसर पर समाज के सदस्य पारंपरिक गुजराती परिधानों में सुसज्जित होकर शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सत्यनारायण पारीक ने किया तथा गरबा प्रतियोगिताओं का आयोजन सुमन व्यास, रश्मि पारीक, कल्पना शर्मा (एडवोकेट) और कल्पना



व्यास द्वारा किया गया। विभिन्न राउंड में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ममता तिवारी ने कहा कि नवरात्रि उत्सव में गरबा द्वारा मां दुर्गा की आराधना भारतीय संस्कृति की अनूठी परंपरा है। ऐसे आयोजनों से जहां समाज में मेलजोल बढ़ता है, वहीं नई पीढ़ी को भी सनातन संस्कृति से जोडऩे का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि पवन पारीक ने इस अवसर पर कोटा में समाज के बच्चों के लिए ई-लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की गतिविधियों का लाभ प्रत्येक सदस्य तक पहुँचाना संगठन का उद्देश्य है। समारोह में संस्था के संरक्षक सत्यनारायण पुरोहित, देवराज पारीक, राधेश्याम जोशी, सुरेश व्यास, मनोहर पारीक, श्यामसुंदर पारीक, नीलेश पारीक, योगेश पारीक (ढोटी), कल्पना पारीक, गीता व्यास, अनीता पारीक, रानी पारीक, मोना व्यास, अंकुर पारीक, नमिता पारीक, जया पारीक, विजया पारीक, अल्का पुरोहित, शोभा पारीक, सीमा पारीक, मेघा पारीक, रजनी पारीक, राजेश्वरी पारीक सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कोटा में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

## 70 किलो पनीर और 258 लीटर एक्सपायरी जूस नष्ट, 101 किलो घी सीज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत नवरात्रि और दशहरे के त्यौहार को देखते हुए कोटा में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से सोमवार और मंगलवार को सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभ मंगला और कलेक्टर पीयूष समारिया के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नागर के निर्देशन में कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान जिले के कुल 6 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इसमें 70 किलो दूषित पनीर और 258 लीटर अवधि पार ऑरेंज जूस नष्ट करवाया गया। वहीं बोरखेड़ा स्थित एक फर्म पर मिनट मेड ब्रांड के 200 एमएल की 1290 बोतलें एक्सपायरी जूस की मिलीं, जिन्हें मौके पर नष्ट किया गया। इसके अलावा एक फर्म से 101 किलो घी सीज किया गया। निरीक्षण के दौरान एक नमूना घी, तीन नमूने हींग और एक नमूना पनीर का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिया गया, जिन्हें जांच के लिए कोटा प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्व. यदुपति सिंघानिया के 72वें जन्मदिन पर आयोजित कई सामाजिक कार्यक्रम

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर और प्रतिभावान छात्राओं को साइकिल वितरण किया

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** जे.के. सीमेंट के पूर्व प्रबंध निदेशक स्व. श्री यदुपति सिंघानिया के 72वें जन्मदिन पर 29 सितंबर 2025 को कई सामाजिक और कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, प्रतिभावान छात्राओं को साइकिल वितरण, जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण और बेबी किट वितरण, गौशालाओं में गौ माता को चारा एवं गुड़ खिलाना तथा अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत



गरीबों को भोजन उपलब्ध कराना शामिल था। आरटीसी परिसर में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, विधायक प्रतिनिधि विनीत कृपलानी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर में 403 लाभार्थियों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया, जबकि 50 से अधिक नेत्र रोगियों को शल्य चिकित्सा के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र की होनहार 30 छात्राओं को जे.के. सीमेंट के सीएसआर कार्यक्रम के तहत साइकिल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिससे उनकी शिक्षा में सुविधा और प्रोत्साहन बढ़े।

इससे पूर्व जिला अस्पताल में सुरभि क्लब की पदाधिकारियों और कंपनी अधिकारियों ने मरीजों को फल वितरण और निशुल्क बेबी किट वितरित किया।

रावण का पुतला नहीं, अवगुणों को जलाएं

# अष्टान्हिका पर्व पर पूजन से मिलता है अनंत पुण्यः विभाश्री माताजी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों अध्यात्म, साधना और आत्मचिंतन का केंद्र बना हुआ है। परम पूज्य गणिनी प्रमुख आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी एवं आर्यिका श्री 105 विनयश्री माताजी (संघ सहित) के सान्निध्य में 13 पिच्छियों का चातुर्मास उत्सव धार्मिक अनुशासन और गरिमा के साथ जारी है।

गौरवाध्यक्ष राजमल पाटौदी एवं चातु.समिति अध्यक्ष विनोद टोरडी ने बताया कि कल्याण धाम महा मंडल विधान के षष्ठ दिवस पर तीर्थंकर पूजन, अनूबन्ध कषाय पूजन, तीर्थ परिवर्तन काल पूजन एवं जिनसहस्त्र नाम



पूजन विधिवत संपन्न हुए। इस अवसर पर श्रावक श्रेष्टि बनने का सौभाग्य रायपुर के धनराज खटौड़ को प्राप्त हुआ, पाद प्रक्षालन का सौभाग्य हीरामणि सुबोध जैन (ट्रांसपोर्ट) को तथा आरती का सौभाग्य पारस मल रोहित सौरभ जैन (सीए) परिवार को प्राप्त हुआ। प्रवचन के दौरान गणिनी प्रमुख आर्यिका विभाश्री माताजी ने कहा कि अष्टान्हिका महापर्व में सिद्धचक्र विधान का विशेष महत्व है। विजयादशमी का वास्तविक संदेश सद्गुणों की विजय और आत्मा का उत्थान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रावण का पुतला जलाना या उसे देखना उचित नहीं है, क्योंकि जैन धर्म में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। इसके बजाय रावण के प्रतीक अवगुणों को त्यागने का संकल्प करना ही सही मार्ग है। माताजी ने आगे कहा कि अष्टान्हिका पर्व के दौरान चंद्र-नक्षत्रों की विशेष स्थिति में की गई पूजा से अनंतगुणी पुण्य की प्राप्ति होती है तथा अनादि कर्मों की निर्जरा होती है। भगवान की भक्ति एवं पूजन का फल देव गति के समान है। विजयादशमी के प्रसंग पर उन्होंने कहा कि यदि रावण ने अपनी शक्ति अधर्म की बजाय धर्म के कार्यों में लगाई होती तो वह मोक्ष का अधिकारी बन सकता था। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि शक्ति का सदुपयोग ही वास्तविक विजय है।

चातुर्मास समिति अध्यक्ष विनोद टोरड़ी ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्याध्यक्ष मनोज जैसवाल ने जानकारी दी कि महाआरती का सौभाग्य श्रावक श्रेष्टि हीरामणि, राजकुमार, मणिप्रभा, सुबोध, मोनिका एवं सुकेश सहित समस्त पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ।

## दिव्यांगजन को मिली स्कूटी, 5.84 करोड़ रुपये की सहायता राशि डीबीटी से हस्तांतरित



**बढ़ता राजस्थान, भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राज्य स्तरीय सेवा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर कमर चौधरी, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, एसीईओ रेखारानी और जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत दिव्यांगजन और अन्य पात्र लाभार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें सहायक उपकरण वितरित किए गए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं के अंतर्गत 10 दिव्यांग लाभार्थियों को स्कूटी और अन्य कृत्रिम सहायक उपकरण सौंपे गए। स्कूटी प्राप्त कर दिव्यांगजन के चेहरे पर खुशी और आत्मनिर्भरता का भाव साफ झलक रहा था।

श्रम कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत वर्चुअल माध्यम से 5,994 लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल 5 करोड़ 84 लाख 48 हजार 500 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। इन योजनाओं में निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना, औजार व टूलकिट सहायता योजना, प्रसूति सहायता योजना, सामान्य अथवा दुर्घटनावश मृत्यु सहायता योजना तथा प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन योजना शामिल हैं। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी रामरतन, गिरधारी तिवारी, सत्येंद्र गोयल, मनोज भारद्वाज, गिरधारी गुप्ता, मोहन रारह, बृजेश अग्रवाल, भगवानदास शर्मा, प्रेमपाल सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

## 'आई लव मोहम्मद' जुलूस का विरोध, सर्व हिंदू समाज ने जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की



**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में 26 सितंबर को निकाले गए 'आई लव मोहम्मद' जुलूस को लेकर सर्व हिंदू समाज ने सोमवार को उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज ने बिना अनुमति निकाले गए इस जुलूस पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि जुलूस निकालने के लिए न तो प्रशासन से कोई अनुमति ली गई और न ही इसकी पूर्व जानकारी पुलिस को दी गई। समाज के पदाधिकारियों ने मांग की कि यह पता लगाया जाए कि जुलूस किन लोगों द्वारा और किस उद्देश्य से निकाला गया। साथ ही उन्होंने प्रशासन से शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। सर्व हिंदू समाज के डॉ. अशोक शर्मा, हिंदू जागरण मंच के अंजनी पाराशर, चिम्मन बाबा, एडवोकेट महेश शर्मा, मोनू गुर्जर, ललित शर्मा, समीर गोस्वामी, देशराज सिंह और संजय कंसाना सहित कई पदाधिकारियों ने प्रशासन को अवगत कराया कि यह जुलूस धार्मिक उन्माद फैलाने और सामाजिक सामंजस्य बिगाडऩे की नीयत से निकाला गया था। पदाधिकारियों ने बताया कि उसी दिन देश के कई शहरों में इस प्रकार के जुलूस निकाले गए, जिनकी जानकारी स्थानीय पुलिस-प्रशासन को नहीं थी। उन्होंने मांग की कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जुलूस में शामिल लोगों की पहचान की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि इस घटना से सर्व हिंदू समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है और यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति बिगड़ सकती है।

## डीएपी खाद को लेकर किसानों का हंगामा, आपूर्ति कम होने से बढ़ी परेशानी



**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी (राजू शर्मा)।** रबी की फसल के लिए डीएपी खाद वितरण में अनियमितताओं को लेकर किसानों ने बाड़ी में जमकर हंगामा किया। पिछले चार दिनों से चल रहे वितरण के दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि दुकानदार मिलीभगत कर परिचितों को खाद उपलब्ध करा रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल रहा। स्थिति बिगडऩे पर दो दिनों से विरोध प्रदर्शन भी हो रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर बुधवार को तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वीकार किया कि आलू और सरसों जैसी रबी की फसलों के लिए इस समय डीएपी की मांग अधिक है, लेकिन उपलब्ध आपूर्ति बेहद सीमित है। उन्होंने बताया कि आपूर्ति और मांग में असंतुलन के कारण ही अव्यवस्था और हंगामे की स्थिति बनी। तहसीलदार ने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि वितरण प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए अतिरिक्त केंद्र खोले जाएं और किसानों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उचित व्यवस्था की जाए।

# डीग जिले के गांव डाबक में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सी सी सड़क के कार्य का किया लोकार्पण

### ग्रामीण सडक़ो के निर्माण के लिए अपनी विधायक निधि 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की करी घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग जिले की नगर विधानसभा क्षेत्र के गांव डाबक में गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल से गांव की ओर जाने वाली सीसी सडक़ निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने घोषणा की कि डाबक के विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण भी करवाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा का वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि ग्राम के विकास के लिए जिला परिषद से 20 लाख रुपए की राशि पहले ही स्वीकृत हो चुकी है साथ ही ग्रामीण सडक़ों के विकास के लिए वे अपनी विधायक निधि से अतिरिक्त 20 लाख रुपए प्रदान करेंगे। यह सिर्फ वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि एक अभिभावक का अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के प्रति समर्पण है। गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि नगर मेरा परिवार है, और इस परिवार की हर समस्या




का समाधान करना मेरा परम कर्तव्य और संकल्प है। मैं चाहे कितना भी व्यस्त क्यों न रहूं, अपनी विधानसभा के लोगों के सुख-दुख में हमेशा भागीदार रहूंगा। उन्होंने कहा कि डाबक की सबसे पुरानी और जटिल समस्या, बिजली की कमी का भी अब स्थायी समाधान के लिए मैंने डाबक में एक नया फीडर स्वीकृत करा दिया है, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा होगा। यह पहल डाबक के हर घर में रोशनी लाएगी, किसानों के खेतों को सींचेगी और छोटे व्यवसायों को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। यह केवल बिजली नहीं, बल्कि आर्थिक समृद्धि और सामाजिक उत्थान की धारा है, जो डाबक के कोने-कोने में बहेगी।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री बेढम ने आमजन की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। बेढम ने कहा कि मेरे पास केवल नगर विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान में संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जिम्मेदारी है।इसके बावजूद मैने नगर विधानसभा क्षेत्र में अब तक 1000 करोड़ रुपए से अधिक राशि के विकास कार्य कराए हैं मैं आपको विश्वास लाता हूं कि विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने डॉ. दिगंबर सिंह जयंती पर कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** नदबई तहसील के लुधावई टोल सेवर स्थल पर मंगलवार को डॉ. दिगंबर सिंह जयंती समारोह श्रद्धांजलि सभा एवं प्रो कबड्डी प्रतियोगिता के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने किया। इस मौके पर पूर्व आमेर विधायक सतीश पूनियां, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, पूर्व महापौर शिवसिंह भोंट सहित अनेक अतिथियों ने डॉ. दिगंबर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. दिगंबर सिंह ने चिकित्सक और जनप्रतिनिधि दोनों ही रूपों में समाज सेवा, शिक्षा और राजनीति को नई दिशा दी। उनकी स्मृति में आयोजित यह कबड्डी प्रतियोगिता उनके जीवन मूल्यों को याद करने का अवसर है। उन्होंने



प्रतियोगिता के आयोजन के लिए डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''खेलो इंडिया'' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि कबड्डी जैसे स्वदेशी खेल हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। ये न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा भी जगाते हैं। मंत्री ने विभिन्न राज्यों से आए खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

पूर्व विधायक सतीश पूनियां ने कहा कि प्रतियोगिता से ग्रामीण युवाओं में जोश और ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा खेलों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों—खेल स्टेडियम, अकादमियां और प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना—का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

## गाय के भाग्य का एक अंश भी मनुष्य द्वारा लेना पाप है : स्वामी राजेंद्र दास

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** श्रीजडख़ोर गोधाम में चल रहे श्रीकृष्ण बलराम महोत्सव के अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा के नवें दिन प्रवचन करते हुए स्वामी श्री राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि गोसेवा में सबसे अधिक योगदान मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्ग का होता है। उन्होंने कहा कि धनी लोग अपेक्षाकृत कम सहयोग करते हैं, जबकि मेहनतकश व्यक्ति भी अपनी कमाई का हिस्सा गोसेवा के लिए समर्पित करता है।

स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि गोसेवा के लिए प्राप्त दान का उपयोग महात्मा भी निजी प्रयोजन के लिए नहीं कर सकते। गाय के भाग्य का कोई भी अंश यदि मनुष्य लेता है, तो वह पाप का भागी होता है। उन्होंने कहा कि भगवान की पृथ्वी पर लीला केवल शास्त्रसम्मत जीवन की प्रेरणा ही नहीं, बल्कि मुक्ति का मार्ग भी है। कथा श्रवण मात्र से ही भक्त भवबंधन से मुक्त



हो सकता है। स्वामी राजेंद्र दास ने कहा कि जिसने संसार और शरीर के मोह को त्यागकर ईश्वर से प्रेम का संबंध जोड़ लिया है, वही वास्तव में सबसे भाग्यवान है। उन्होंने उल्लेख किया कि श्री नारायण भट्ट जी ने 12 महारासों का वर्णन किया है और उनमें से 12वां महारास यहीं प्रतिज्ञा वन (वर्तमान जडख़ोर गोधाम) में संपन्न हुआ था। ऐसे पावन स्थल पर शारदीय नवरात्र में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। बुधवार को कथा का समापन होगा। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गुरुकुल के बटुकों ने सनातन, गोभक्ति और ईश्वर आराधना से जुड़े आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं सायंकालीन भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक चित्र-विचित्र दास जी ने अपनी भक्ति-भरी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया और पूरे महोत्सव का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

## रोवरमेट-रेंजरमेट कौंसिल का गठन, युवा दल अंतरराष्ट्रीय जोटा-जोटी में होगा सहभागी

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, भरतपुर में रोवरमेट-रेंजरमेट कौंसिल का गठन किया गया। यह गठन रोवर लीडर अनिल कुमार नागर, विवेक चौरसिया, रेंजर लीडर पूजा, सीओ स्काउट देवेंद्र मीणा और सीओ गाइड कल्पना शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। स्थानीय संघ सचिव भानु प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की। सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग ने बताया कि नवगठित कौंसिल का दल आगामी अंतरराष्ट्रीय जोटा-जोटी इंटरनेट कार्यक्रम में भाग लेगा। उन्होंने 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी (लखनऊ), रोवर-रेंजर नेचर स्टडी शिविर (अलवर), स्वच्छ भारत अभियान शिविर (नई दिल्ली) सहित राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय गतिविधियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में लोहागढ़ ओपन रोवर क्रू से मनीष कुमार मौर्य, धर्मवीर सैनी, मुकेश, महाराजा सूरजमल ओपन क्रू से अमन खां, विशाल कुमार, एमएसजे राजकीय महाविद्यालय से ऋषि परमार, आशु चौधरी, हरेंद्र, निर्मल खींची, प्रमोद, नितेश और शिवराज ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इन प्रतिभागियों ने एसडीजी प्रोजेक्ट, पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम (श्वश्वक्क), युवा महोत्सव, राज्य स्तरीय रोवर मूट और रेंजर मीट की गतिविधियों पर जानकारी साझा की।

## जंगल बाघ नर्सरी में श्रमिक की मौत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष के निवास पर ग्रामीणों का हंगामा और मुआवजे पर बनी सहमति

बढ़ता राजस्थान

**केलवा (नि.स.)।** थाना क्षेत्र के जंगल बाघ नर्सरी में मंगलवार को एक श्रमिक का शव पेड़ से लटका हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नारायण सिंह के रूप में हुई, जो बीते तीन दिनों से लापता था। दो दिन पहले परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। शव मिलने की सूचना पर नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरि सिंह राठौड़ के निवास के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते राठौड़ का निवास क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया। परिजनों का आरोप है कि नारायण सिंह पिछले पांच वर्षों से राठौड़ के निवास पर कार्यरत था।



शनिवार रात से वह लापता था और परिजनों ने राठौड़ के निवास में उसकी तलाश भी की थी, लेकिन कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली। मंगलवार को शव मिलने के बाद परिजन गुस्से में आ गए और यह भी आरोप लगाया कि शव को सीधे मोर्चरी में रखवाना संदिग्ध है, बिना परिजनों को सूचना दिए। परिजन और ग्रामीणों ने मृतक की मौत पर सवाल उठाते हुए 11 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कुंभलगढ़ डिप्टी ज्ञानानंद सिंह, केलवा थानाधिकारी लक्ष्मणराम विश्नोई, कुंभलगढ़ थानाधिकारी विशाल गवारिया सहित चारभुजा और आमेट से भारी पुलिस जाप्ता मौके पर बुलाया गया। जानकारी के अनुसार नारायण सिंह को ग्राम पंचायत के माध्यम से राठौड़ के निवास के पास जंगल बाघ में ठेकेदार के रूप में लगाया गया था, जिसका भुगतान पर्यावरण विकास संस्था द्वारा किया जाता था। विवाद बढने पर संस्था के अध्यक्ष रामनारायण पालीवाल को मौके पर बुलाया गया और परिजनों के साथ लंबी वार्ता के बाद उचित मुआवजा देने पर सहमति बनी। सुबह 9 बजे शव को चिकित्सालय की मोर्चरी में रखा गया। कांग्रेस नेता हरि सिंह राठौड़ के पुत्र और पूर्व सरपंच दिग्विजय राठौड़ ने परिजनों से मुलाकात कर सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया। दोपहर 2 बजे से शुरू हुए धरना-प्रदर्शन के बाद देर शाम वार्ता के अंत में मुआवजे की राशि पर सहमति बनी। सहमति के बाद मृतक नारायण सिंह का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# दशहरा-दीपावली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सीएलजी बैठकें, पुलिस ने सहयोग की अपील की

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** धौलपुर एसपी विकास सांगवान के निर्देश पर दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली, सदर थाना सहित उपखंड के सभी थानों में सीएलजी (कम्युनिटी लाइजन ग्रुप) बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में शांति व्यवस्था, साइबर अपराध की रोकथाम और सडक़ दुर्घटनाओं से बचाव पर विशेष चर्चा हुई। थाना अधिकारियों ने सीएलजी सदस्यों से आग्रह किया कि त्योहारी सीजन में हर गतिविधि पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध



व्यक्ति या घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साथ ही सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। कोतवाली थाने में हुई बैठक की अध्यक्षता एसएचओ अमित शर्मा ने की। इस अवसर पर एसआई हरवीर सिंह, डॉ. वीरेंद्र यादव, एडवोकेट जितेंद्र चौहान, नासिर खान, आर्यन राय सहित अन्य सीएलजी सदस्य मौजूद रहे। एसएचओ शर्मा ने बताया कि शहर में नगर पालिका द्वारा लगाए गए अधिकांश सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं। अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद सुधार नहीं किया गया है। वहीं, दुकानदारों के कैमरे केवल दुकान के भीतर तक सीमित रहते हैं, जिससे वारदात के समय पुलिस को कोई मदद नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र की सुरक्षा के लिए दुकानदार अपने कैमरों का फोकस सडक़ की ओर करें और चौकीदार भी तैनात करें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि दीपावली पर पुलिस बाजार में अतिरिक्त जाप्ता तैनात करेगी, विशेषकर सर्राफा बाजार में। वहीं सदर थाने में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसएचओ मोहर सिंह ने की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहारों पर विशेष सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने की अपील की। एसपी के निर्देश पर इसी तरह की सीएलजी बैठकें सोने का गुर्जा, बसई डांग और कंचनपुर थाने में भी आयोजित की गईं। इन बैठकों का उद्देश्य त्योहारों के दौरान जनता और पुलिस के बीच सहयोग बढ़ाना और शांति व्यवस्था बनाए रखना रहा।

## जूनावास गरबा महोत्सव में दुर्गा पूजा पर मां काली का विशेष श्रृंगार



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** विश्व हिंदू परिषद खेड़ा खूंट माता जी गरबा महोत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित गरबा महोत्सव विगत तीन वर्षों से परंपरा और सामाजिक सरोकार को साथ लेकर मनाया जा रहा है। महोत्सव में देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी समावेश रहा।

समिति के संचालक और बजरंग दल कार्यकर्ता राहुल भाम्बी ने बताया कि मां काली की पूजा से न केवल शत्रुओं का दमन होता है, बल्कि भक्तों को साहस, आत्मविश्वास और ज्ञान की प्राप्ति होती है। वे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और समृद्धि, शांति तथा सफलता प्रदान करती हैं। गरबा डांडिया रास के दौरान समिति द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। युवा और वरिष्ठ महिलाओं सहित सभी वर्ग के प्रतिभागी गरबा और डांडिया रास में भाग लेने के लिए उत्साहित नजर आए।

कार्यक्रम में राजेश पटवारी, राजकुमार टेलर, रवि जाट, लकी प्रजापत, विहिप महानगर सह सामाजिक समरसता प्रमुख दिनेश सालवी, किरण सालवी, शेखर, रोशन, दीपक, विनोद, कन्हैया, महिला कार्यकर्ता शिवानी भरावा, स्नेहलता पटवारी, अनीता, अनु, गायत्री सहित कई अन्य कार्यकर्ता और क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

## गरबा रास प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अजमेर रोड स्थित श्रीमंदिर दादीधाम में शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत गरबा रास प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागी वर्षा तापडिया, गंगा, रितिका कुमावत, कोमल पंडित, विनीता शर्मा और पूर्णिमा परिहार को निर्णायक महक परिहार एवं निधि पंवार के निर्णय अनुसार दादी परिवार न्यास के उपाध्यक्ष माणक डाणी और कुसुम डाणी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महोत्सव की श्रृंखला में आज नवमी बुधवार को प्रातः 11.15 बजे पंडित लीलाधर झा के सानिध्य में मुख्य यजमान सुभाष-रेणु गर्ग द्वारा हवन की पूर्णाहुति होगी। इसके बाद 11.30 बजे दादीधाम मुख्य द्वार पर पुष्पवर्षा और ढोल-धमाकों के बीच स्वागत-सत्कार एवं पूजन होगा। विशेष आकर्षण के रूप में दादीधाम अतिथि गृह में योगेश-पूजा शर्मा के सौजन्य से 151 कन्याओं का पूजन एवं सामूहिक कन्या भोज आयोजित किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से दादीजी का संगीतमय मंगलपाठ लाला महेंद्रकुमार सर्राफ के सौजन्य से होगा, जिसकी प्रस्तुत्ति मयंक अरोड़ा एवं मयंक वैष्णव द्वारा दी जाएगी।

## विशेष मध्यस्था शिविर- न्याय की नई राह, ऐतिहासिक संख्या में निपटे मुकदमे

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर द्वारा आयोजित विशेष मध्यस्था शिविर का मंगलवार को सफल समापन हुआ। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में 30 सितम्बर तक चले इस शिविर में ब्यावर, जेतारण, बर, बिजयनगर एवं मसूदा न्यायालय परिसरों में अभूतपूर्व सफलता मिली और ऐतिहासिक संख्या में मुकदमों का आपसी सहमति से निस्तारण हुआ।सात दिवसीय शिविर के दौरान बड़ी संख्या में पक्षकार अपने विवादों को लेकर पहुंचे और मध्यस्थता के माध्यम से वर्षों से लंबित मामलों का समाधान कराया। विशेष रूप से बीमा दावों एवं चेक अनादरण प्रकरणों पर ध्यान दिया गया, जहां बीमा कंपनियों व दावेदारों के बीच उचित मुआवज़े पर समझौते हुए। वहीं, चेक अनादरण मामलों में किश्तों में भुगतान की सहमति से लंबे समय से अटके मामलों का समाधान संभव हो सका।शिविर में आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, भूमि एवं लेन-देन विवाद, पति-पत्नी एवं पारिवारिक विवाद भी आपसी समझौते से निपटाए गए।

## नवरात्रि महाअष्टमी पर श्री निमडिया भैरवदेव मंदिर में हवन और महाआरती का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** क्षेत्र के प्राचीनतम देवस्थान श्री निमडिया भैरवदेव मंदिर (जैन दिवाकर कमल गोशाला के पास) में नवरात्रि पर्व के अंतर्गत महाअष्टमी के पावन अवसर पर प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन का आयोजन किया गया। हवन पंडित गोपाल भट्ट के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला के अध्यक्ष अशोक नवलखा, हवन यजमान सत्यप्रकाश मेनारिया, जितेंद्र सिंघवी, आशीष बोड़ाना और बृजेश नागोरी ने हवन पूर्णाहुति दी। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाआरती में भाग लिया और भक्तिमय वातावरण में धर्मलाभ प्राप्त किया।

श्रमिकों को 209 करोड़ की सहायता, नवरात्र पर कन्या पूजन और श्रीराम प्रतिमा के दर्शन

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया 362 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान





**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जैतारण प्रवास के दौरान सेवा और श्रद्धा दोनों का संदेश दिया। श्रीराम चौक स्थित भगवान श्रीराम की विशाल प्रतिमा के दर्शन कर उन्होंने पूजा-अर्चना की। साथ ही शारदीय नवरात्र की दुर्गाष्टमी पर मां दुर्गा स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने परिसर में पौधारोपण भी किया।

इसी अवसर पर राज्य स्तरीय सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 362 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया तथा 1 लाख 87 हजार निर्माण श्रमिकों को 209 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को मूर्त रूप दे रहा है और यही हमारी सरकार का ध्येय है।श्री शर्मा ने ऊर्जा, रोजगार और निवेश के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि डेढ़ वर्षों में 91 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं और निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चल रहे स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान इनसे नई दिशा पा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किशननगर ग्राम की नशा मुक्ति पहल के योगदानकर्ताओं का सम्मान किया, दिव्यांगजनों को स्कूटी व उपकरण वितरित किए और विभागीय स्टॉल्स का अवलोकन किया। इसी दौरान मंच से संबोधन के बीच उन्होंने जनसमूह में खड़ी एक बालिका को बुलाकर सम्मानित किया, जिसने उन्हें तस्वीर भेंट की।इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद पी.पी. चौधरी, विधायक शंकर सिंह रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## कंकाली माता को 151 मीटर की लाल चुनर ओढ़ाई, धर्मसभा में लव जिहाद और धर्मांतरण पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां (नि.स.)।** शहर के वार्ड 11 में स्थित कंकाली माता मंदिर में 151 मीटर लंबी लाल चुनर ओढ़ाने का भव्य आयोजन किया गया। चुनर यात्रा की शुरुआत देईपोल बीजासन माता स्थल से हुई। यात्रा में भजन मंडली माता के भजन गाते हुए चल रही थी, जबकि श्रद्धालु महिलाएं माता की चुनर को भावपूर्ण श्रद्धा के साथ लेकर आगे बढ़ रही थीं। चुनर यात्रा का मार्ग देईपोल चूंगी नाके से अदालत परिसर, भगत सिंह सर्किल, कनक सागर तालाब और मुख्य बाजार होते हुए कंकाली माता मंदिर तक गया। मंदिर पहुंचने पर माता की पूजा-अर्चना और आरती के बाद 151 मीटर लंबी लाल चुनर ओढ़ाई गई। यात्रा के दौरान भक्तों ने पुष्प वर्षा की और भजन पर नृत्य कर माता के प्रति अपनी भक्ति प्रकट की। इस अवसर पर देईपोल चुंगीनाका स्थित बीजासन माता मंदिर परिसर में धर्मसभा का भी आयोजन किया गया। धर्मसभा की मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की केंद्रीय मंत्री माला रावल रहीं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं से सोशल मीडिया का नियंत्रित उपयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ और सशक्त महिला ही आत्मनिर्भर भारत का आधार है। उन्होंने आगे कहा कि धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी चुनौतियां हिंदू समाज के सामने गंभीर रूप से खड़ी हैं। सभा में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति ने कहा कि हिंदू समाज का संगठन वर्तमान समय की मांग है। धर्मसभा की अध्यक्षता मोनिका गौड़ ने की। सभा के पश्चात शस्त्र पूजन का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर संगठन मंत्री बालकृष्ण गुर्जर, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के तहसील अध्यक्ष छोटू लाल नागर, नगर अध्यक्ष महावीर सेन, राष्ट्रीय महिला परिषद की शहर अध्यक्ष बीना सैनी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## गुर्जर समाज अब मतदान से चुनेगा जिलाध्यक्ष, सदस्यता अभियान शुरू

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी (अनंत दाधीच)।** जिले का गुर्जर समाज अब जिलाध्यक्ष का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से मतदान द्वारा करेगा। इसके लिए देवनारायण गुर्जर विकास संस्थान ने रविवार से जिलेभर में सदस्यता अभियान की शुरुआत की है।

हाल ही में बाईपास रोड स्थित देवनारायण मंदिर में संस्थान की बैठक आयोजित हुई, जिसमें समाज के प्रबुद्धजनों के बीच जिलाध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया पर मंथन किया गया। बैठक के बाद वर्तमान जिलाध्यक्ष गणेशलाल हूण ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि संस्थान के चुनाव दिसंबर 2025 में होंगे। इसके लिए सदस्यता अभियान की शुरुआत डायरी वितरण के साथ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव में 25 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी समाजबंधु—चाहे पुरुष हो या महिला—रसीद कटवाकर सदस्यता ले सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। इस अभियान की जिम्मेदारी कार्यकारिणी सदस्य महावीर गुर्जर को सौंपी गई है। सदस्यता अभियान 30 नवंबर 2025 तक चलेगा, जिसके बाद मतदाता सूची तैयार कर चुनाव की समय-सारणी घोषित की जाएगी। संस्थान ने यह भी स्पष्ट किया कि जिलाध्यक्ष चुनाव में कोई भी राजनीतिक पदाधिकारी प्रत्याशी नहीं बन सकेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष गणेशलाल हूण के साथ उपाध्यक्ष भरतराम, युवा जिलाध्यक्ष भेरूलाल, पूर्व जयंती संयोजक रणजीत गुर्जर, डॉ. रामकैलाश, महावीर, रामलाल, जीतमल, जगदीश, गोपाल गुर्जर, गजानंद, श्योजीलाल, बजरंगलाल, नैनवा तहसील अध्यक्ष हरिराम, भोजराज, राजस्थान गुर्जर महासभा अध्यक्ष सोदान, लक्ष्मण गुर्जर, जुगराज और रामदेव नेगाड़ी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। बैठक का संचालन रामलाल चौहान ने किया।

## चौमहला में नवरात्रि के आठवें दिन कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** जिले के चौमहला कस्बे में नवरात्रि महोत्सव के आठवें दिन, महा अष्टमी के अवसर पर जगह-जगह कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसी क्रम में श्री कृष्ण सरस्वती केंद्र गंगधार की बहनों का कन्या पूजन आदर्श विद्या मंदिर चौमहला प्रबंध समिति के पूर्व मंत्री श्यामलाल सोनी के निवास पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में समरसता और सामाजिक सौहार्द के भाव को देखते हुए श्री कृष्ण सरस्वती संस्कार केंद्र की बहनों को भोजन कराकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कन्याओं की पूजा भी की गई।विद्यालय के आचार्य तरुण शर्मा ने बताया कि यह संस्कार केंद्र विशेष रूप से पिछड़ा वर्ग एवं झुग्गी झोपडियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर श्यामलाल सोनी दंपति ने कन्याओं को अपने यहां भोजन करवा कर समाज में समरसता और सहयोग का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

## नवरंग संगम 2025 में डांडियों की खनक से गूंजा संगम विश्वविद्यालय प्रांगण

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** संगम विश्वविद्यालय प्रांगण नवरात्र के अवसर पर आयोजित डांडिया कार्यक्रम 'नवरंग संगम 2025' के रंग में रंग गया। विश्वविद्यालय के स्टूडेंट वेलफेयर डीन प्रो प्रीति मेहता ने बताया कि स्टूडेंट वेलफेयर और स्टूडेंट सोसाइटी के सहयोग से विशाल स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राउंड में रंग-बिरंगी वेशभूषा पहनकर शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के फैकल्टी और स्टाफ द्वारा माताजी की आरती से हुई। वाइस चांसलर प्रो करुणेश सक्सेना, प्रो वीसी प्रो मानस रंजन और रजिस्ट्रार डॉ आलोक कुमार ने सभी को नवरात्रा की बधाई दी। स्टूडेंट वेलफेयर डिप्टी डीन डॉ श्वेता बोहरा ने विजेताओं का भी घोषणा की।

बेस्ट वेशभूषा के पुरस्कार वरदान बोहरा और भूमिका कानावत, बेस्ट मूव के पुरस्कार आदित्य शर्मा और प्रीति राय, मोस्ट एनर्जेटिक डांस में लक्की साहू और अक्षिता माहेश्वरी, जबकि बेस्ट परफॉर्मेंस में अभ्युदय सिंह और सानिया को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्टूडेंट कोर टीम के सदस्य आर्यन, काव्या, सुजल, आयुषी जैन और रिद्धिमा का सहयोग रहा। संचालन छात्र हर्ष सोमानी ने किया। कार्यक्रम को कोको कैफे, श्री गोविंदम रिसॉर्ट और बबलू बार्बर का विशेष सहयोग भी मिला।

राज्य स्तरीय छात्रा खो-खो प्रतियोगिता

# बूंदी ने प्रतापगढ़ को 8 अंक से हराया, अगले दौर में प्रवेश

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां (नि.स.)।** 69वीं राज्य स्तरीय छात्रा खो-खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी नैनवां का खेल मैदान दर्शकों से भरपूर रहा। प्रतिद्वंदी टीमों के मुकाबले में छात्राओं की जीत पर दर्शक तालियों से उनका उत्साह बढ़ाते नजर आए।

पीएमश्री सीनियर सैकंडरी स्कूल प्रांगण में 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के लीग मैच आयोजित किए गए। 17 वर्ष आयु वर्ग में कुल 42 और 19 वर्ष में 40 टीमों के 984 खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। 17 वर्षीय टीमों की सुबह की पारी में बूंदी की टीम ने प्रतापगढ़ को 8 अंक से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

अन्य लीग मुकाबलों में जयपुर ने खेरथल-तिजारा को 1 पारी और 31 अंकों के अंतर से हराया। भीलवाड़ा ने चितौड़ को 1 पारी व 7 अंकों से मात दी। डीग ने सिरोही को 18 अंकों से हराया। टोंक ने झुंझुनू को 2 अंकों से, गंगानगर ने पाली को 14 अंकों से, चूरू ने डीडवाना-कुचामन को 1 पारी व 6 अंकों से हराया। जयपुर ने जैसलमेर को 1 पारी और 17 अंकों के अंतर से मात दी। बीकानेर निदेशालय से 29 निर्णायकों की टीम लाई गई, जिनमें से 2 मुख्य निर्णायक अनिल कुमार और आलसीराम, साथ ही 8 चयन समिति सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में शारीरिक शिक्षक, प्रधानाचार्य और व्याख्याता प्रतियोगिता संचालन में लगे हुए हैं।

थानाप्रभारी कमलेश शर्मा पुलिस जाब्ता लेकर मैदान में सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं। उप जिला अस्पताल नैनवा के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कृष्ण कुमार के मार्गदर्शन में 4 नर्सिंग अधिकारी भी मैदान में तैनात हैं। भोजन और जलपान की व्यवस्था शारीरिक शिक्षक संघ नैनवा द्वारा की गई है।

प्रतियोगिता संयोजक प्रकाशचंद धाकड़ ने बताया कि यह लीग मैच प्रतिभाशाली छात्राओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और उनका कौशल निखारने का अवसर प्रदान कर रहे हैं।


# लद्दाख प्रशासन ने 'विच हंट' के आरोपों पर दिए जवाब, कहा- लद्दाख की जनता को उकसा रहे थे वांगचुक

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** लेह में हुई हिंसा और उसके बाद पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पर गृहमंत्रालय द्वारा लगे आरोप के बीच सीबीआई अब इस पूरे मामले की जांच कर रही है। वांगचुक पर आरोप पाकिस्तान से कनेक्शन के भी लगे हैं और उनकी फंडिग भी संदेह के घेरे में आ गई है। इस बीच लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने कहा कि पुलिस वांगचुक के कथित पाकिस्तानी कनेक्शन की भी जांच कर रही है।

दरअसल, लद्दाख के डीजीपी जामवाल ने लेह में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने हाल ही में एक पाकिस्तानी पीआईओ (खुफिया ऑपरेटिव) को गिरफ्तार किया है जो उनके बारे में रिपोर्टिंग कर रहा था। डीजीपी ने सोनम वांगचुक की पाकिस्तान यात्रा को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान में डॉन के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसलिए उन पर बड़े गंभीर सवालिया निशान हैं।





### वांगचुक पर लगे हैं आरोप

वहीं न्यूज एजेंसी ANI की रिपोर्ट बताती है कि लद्दाख के डीजीपी ने यह उल्लेख किया था कि वांगचुक ने पहले भी भड़काऊ भाषण दिए गए थे। उन्होंने कहा कि 24 सितंबर को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई थी, जिसमें चार लोगों की जान चली गई। इसके अलावा नागरिक, पुलिस अधिकारी और अर्धसैनिक बल के जवान बुरी तरह घायल भी हो गए थे। डीजीपी जामवाल ने वांगचुक का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें कुछ तथाकथित पर्यावरण कार्यकर्ता शामिल हैं; उनकी विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न हैं।

### सोनम वांगचुक की फंडिंग की हो रही जांच

लद्दाख के डीजीपी जामवाल ने कहा कि वांगचुक का जनता को भड़काने का इतिहास काफी पुराना रहा है, जबकि उन्होंने अरब स्प्रिंग, नेपाल और बांग्लादेश का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि एफसीआरए उल्लंघन के लिए उनकी फंडिंग के सोर्स की जांच चल रही है। बता दें पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शुक्रवार को लद्दाख पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया था। इससे दो दिन पहले केंद्र शासित प्रदेश को छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए थे।

### विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा

गौरतलब है कि भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के तहत केंद्र शासित प्रदेश की मान्यता की मांग को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। इन मांगों को लेकर बुधवार को हो रहा विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे।

# भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता आज से लागू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार देशों आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। इस समझौते को व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) नाम दिया गया है। इसके तहत ईएफटीए समूह ने भारत में अगले 15 वर्षों में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। समझौते के अनुसार, शुरुआती 10 वर्षों में 50 अरब डॉलर और उसके बाद अगले पांच वर्षों में 50 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। अनुमान है कि इससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए नया मील का पत्थर साबित होगा। इस समझौते पर 10 मार्च 2024 को हस्ताक्षर किए गए थे। ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे स्वतंत्र रूप से मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के लिए गठित एक अंतर-सरकारी संगठन हैं। भारत 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर अलग से बातचीत कर रहा है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। पहली तिमाही में खपत और सरकारी व्यय से 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई, लेकिन अमेरिकी शुल्कों से निर्यात प्रभावित होने के कारण दूसरी छमाही की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। एडीबी ने कहा कि लचीली घरेलू मांग और सेवा निर्यात से असर कुछ कम होगा। रिपोर्ट के अनुसार, कर राजस्व घटने से राजकोषीय घाटा 4.4% के बजट अनुमान से अधिक रह सकता है।

# मानसून की विदाई के बाद राजस्थान में मूसलाधार बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मानसून की विदाई के बाद राजस्थान में एक बार फिर झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। सोमवार देर रात से लेकर मंगलवार देर रात तक कई जिलों में मूसलाधार बारिश दर्ज की गई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जयपुर, नागौर, अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर और अलवर में सबसे ज्यादा असर देखने को मिला, जहां तीन से चार इंच बारिश हुई। मंगलवार सुबह सबसे अधिक बारिश डीडवाना कुचामन के नावां में 102 मिमी, झुंझुनूं के नवलगढ़ में 95 मिमी, ब्यावर में 93 मिमी, सवाईमाधोपुर के बौंली में 87 मिमी और जयपुर के जेएलएन मार्ग पर 71.5 मिमी दर्ज की गई। लक्ष्मणगढ़ (सीकर) में 62 मिमी, बीकानेर में 55 मिमी, पीपल्दा (कोटा) में 54 मिमी और मंडरायल (करौली) में 46 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने 3 अक्टूबर तक 23 जिलों के लिए येलो अलर्ट और जयपुर, नागौर, सीकर व अजमेर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने लो-प्रेशर सिस्टम के कारण यह बारिश हो रही है। जयपुर में बारिश से हालात बेहाल हो गए। सड़कों पर पानी-पानी भर गया। सीकर के फतेहपुर में 29 मिमी बारिश दर्ज की गई। श्रीमाधोपुर में बारिश के चलते दुकानों में पानी घुस गया और बस स्टैंड पर दो फीट तक पानी भर गया। अजमेर के किशनगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर तेज बारिश रही। अलवर में 20 मिनट की बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया। करौली के हिंडौन में एक घंटे की तेज बारिश से कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर पानी भर गया। धौलपुर में आंधी और बारिश ने किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया।

# पीएम मोदी ने की देवी की आराधना



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महा अष्टमी पर दक्षिणी दिल्ली के सीआर पार्क में दुर्गा पूजा पंडाल का दौरा किया और मंत्रोच्चार के बीच देवी की आराधना की। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित काली बाड़ी में आरती भी की और पारंपरिक बंगाली संस्कृति के अनुसार आयोजित समारोह में हिस्सा लिया।

# शक्ति, अध्यात्म, श्रद्धा और संस्कृति का स्वरूप हैं देवियां- देवनानी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर एवं आसपास स्थित नौ देवियों के मंदिरों के दर्शन कर प्रदेश और नगरवासियों की सुख-शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की।

देवनानी ने इस अवसर पर अजमेर के वरूण सागर रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर, पुष्कर रोड स्थित नौसर माता मंदिर, भक्ति धाम स्थित माताजी मंदिर, नगीना बाग स्थित जत्तोई दरबार, बजरंगगढ़ स्थित अंबे माता मंदिर, चांद बावड़ी स्थित काली माता मंदिर, रामगंज स्थित काली माता मंदिर, आनासागर पुलिस चौकी के सामने स्थित चामुंडा माताजी मंदिर तथा वरूण सागर रोड स्थित काली माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की।



श्री देवनानी ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में नवरात्रि का विशेष महत्व है। नौ देवियां शक्ति, अध्यात्म, श्रद्धा और संस्कृति की प्रतीक है। हमें अपने जीवन में मां के इस नौ स्वरूपों को आत्मसात कर प्रेरणा लेनी चाहिए। नौ दिनों से हम जीवन को एक नए स्वरूप में जानते हैं। प्रत्येक सनातनी को अपने जीवन में उन्नति के लिए शक्ति स्वरूपा मां से प्रेरणा लेनी चाहिए।

देवनानी का वरूण सागर रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर पर मंदिर समिति द्वारा चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वे मंदिर की आरती में भी शामिल हुए। मंदिर समिति एवं ग्राम बोराज की ओर से श्री तारा रावत, श्री महेंद्र सिंह बोराज, श्री मदन सिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

## बिहार में मतदाताओं की फाइनल लिस्ट जारी
# 69 लाख नाम कटे, 21 लाख नए जोड़े

बढ़ता राजस्थान

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को बिहार की अंतिम मतदाता सूची (SIR) प्रकाशित कर दी। फाइनल लिस्ट के अनुसार राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या अब 7.42 करोड़ हो गई है। इस सूची से 69.29 लाख नाम हटाए गए और 21.53 लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं। SIR से पहले जून 2025 में बिहार में कुल 7.89 करोड़ मतदाता फाइनल सूची में पटना जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 48.15 लाख हो गई, यानी यहां 1.63 लाख नए मतदाता शामिल हुए। वहीं, सारण जिले में 2.24



लाख मतदाताओं के नाम कट गए, जिससे कुल मतदाता घटकर 29.02 लाख रह गए। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदाताओं द्वारा जमा कराए गए दस्तावेजों और पार्टियों या व्यक्तियों द्वारा दर्ज आपत्तियों के एक महीने तक चले मूल्यांकन के बाद ये संशोधन किए गए। आयोग ने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूरक सूचियां प्रकाशित होने पर अंतिम आंकड़े में हल्का बदलाव हो सकता है। वहीं, इस प्रक्रिया का विपक्ष ने तीखा विरोध किया है और आयोग पर सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। आयोग ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया। थे। पहली ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने पर यह आंकड़ा 7.24 करोड़ रह गया था, जिसमें 65.63 लाख नाम कटे और 17 लाख नाम जोड़े गए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

**मुख्यमंत्री का जैतारण दौरा : हर नागरिक तक सुशासन, सुविधाएं और विकास की पहुंच का सशक्त माध्यम है सेवा पखवाड़ा**

# सेवा शिविरों से सबका साथ, सबका विकास का मूलमंत्र हो रहा साकार - मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार गांव और गरीब के उत्थान, किसान एवं महिला के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। इसी दिशा में सेवा पखवाड़ा प्रदेश के हर नागरिक तक सुशासन, सुविधाएं और विकास की पहुंच सुनिश्चित करने के साथ ही जनसेवा के ध्येय की प्राप्ति का एक सशक्त माध्यम है।




शर्मा मंगलवार को ब्यावर के जैतारण में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से संचालित सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को मूर्त रूप देने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए इस सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रदेशभर में ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों में रजिस्ट्री, पट्टे, गिरदावरी, कुर्रेजात, विभाजन, नामांतरण, प्रमाण पत्र और अन्य विभिन्न कार्य किए जाने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से भी पात्र लोगों को जोड़ा जा रहा है। वहीं शहरी सेवा शिविरों में सड़कों, नालियों और सीवर लाइन की मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण आदि के साथ ही जन्म-मृत्यु या विवाह पंजीयन, पट्टे, एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, नामांतरण, भवन स्वीकृति, टैक्स जमा, सीवर कनेक्शन, ईडब्लूएस प्रमाण पत्र आदि कार्य किए जा रहे हैं।

### 4 हजार 121 ग्रामीण सेवा शिविर

शर्मा ने सेवा शिविरों की प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि इस पखवाड़े में अब तक 4 हजार 121 ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें करीब 53 हजार नामांतरण और करीब 54 हजार शुद्धिकरण के कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 82 हजार से अधिक पॉलिसी के वितरण के साथ ही एनएफएसए पोर्टल पर लंबित 78 हजार से अधिक प्रकरणों को निस्तारित किया गया है। इसी तरह स्वामित्व योजना के तहत 64 हजार से अधिक पट्टे और मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत 85 हजार से ज्यादा पशु बीमा वितरित किए गए। इसी तरह शहरी सेवा शिविरों में 8 हजार से ज्यादा पट्टे वितरित किए गए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।